www.navpradesh.com
दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, सोमवार, 15 जून 2026 कृष्ण पक्ष-आमवस्या, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 126 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

राम मंदिर में 'चंदा चोरी' पर एसआईटी की एंट्री, ट्रस्ट कर्मियों की संपत्तियों और फुटेज की होगी जांच

अयोध्या/ए.। अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे और दान राशि को लेकर उठे सवालों ने अब बड़ा प्रशासनिक रूप ले लिया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर उत्तर प्रदेश सरकार ने पूरे मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। जांच के दायरे में ट्रस्ट कर्मियों की संपत्तियां, दान राशि की निगरानी व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों का विरोध जैसे कई अहम मुद्दे शामिल हैं। शासन ने एक सप्ताह में प्रारंभिक रिपोर्ट और 15 दिनों में अंतिम रिपोर्ट मांगी है, जिससे इस बहुचर्चित मामले पर देशभर की नजरें टिक गई हैं।

इस बेहद संवेदनशील और हाई-प्रोफाइल मामले की कमान राज्य के तीन सबसे वरिष्ठ अधिकारियों के हाथों में सौंपी है। इस विशेष जांच दल (एसआईटी) की अध्यक्षता लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीमित वेतन वाले ट्रस्ट कर्मियों ने खरीदी महंगी संपत्तियां, होगी जांच

इस पूरे वित्तीय विवाद में एसआईटी और राज्य की अन्य जांच एजेंसियों का सबसे मुख्य और प्राथमिक फोकस श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कुछ चुनिंदा और विशेष विभागों में तैनात कर्मचारियों की अचानक बढ़ी अकूत संपत्ति पर आकर टिक गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बहुत ही सीमित और निर्धारित मासिक वेतन पाने वाले कुछ कर्मचारियों ने पिछले दो से तीन वर्षों के भीतर अयोध्या जनपद और उसके आसपास के रणनीतिक इलाकों में करोड़ों रुपये मूल्य की महंगी जमीनें, व्यावसायिक भूखंड और अन्य अचल संपत्तियां अपने और अपने परिजनों के नाम पर अर्जित की हैं।

24 घंटे के भीतर एक्शन और नृपेंद्र मिश्र ने तय की जांच की समय-सीमा

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने इस संवेदनशील मुद्दे पर सर्किट हाउस में मीडिया से संवाद करते हुए कूटनीतिक और प्रशासनिक स्थिति को पूरी तरह स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने श्रद्धालुओं की आस्था और मंदिर की गरिमा को ध्यान में रखते हुए इस मामले पर रिकॉर्ड 24 घंटे के भीतर कार्रवाई की है और तुरंत एसआईटी का गठन सुनिश्चित किया है। शासन द्वारा इस विशेष जांच टीम को अत्यंत कड़े और स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे पूरे मामले की त्वरित पड़ताल कर आगामी एक सप्ताह के भीतर अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट शासन को सौंप दें। अधिकतम 15 दिनों के भीतर पूरी तरह से साक्ष्यों पर आधारित अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रस्तुत की जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई तय होगी।

आज बेबाक

आओ सिखाऊं तुम्हें अंडे का फंडा, ये नहीं प्यारे कोई मामूली बंदा... गाते हुए बंगाल के बाशिंदे टीएमसी के गुण्डों पर अंडों की बरसात कर रहे हैं। इसकी शुरुआत सबसे बड़े गुण्डे अभिषेक बनर्जी पर अंडा फेकने से हुई थी। तभी से अंडा मारो अभियान बदस्तूर जारी है। जैसे ही टीएमसी वाला दिखता है लोग चोर-चोर चिल्लाते हैं और उस पर तबियत से अंडे बरसाते हैं। अंडों के डर से ही खुद को तुर्रम खां समझने वाली सबसे बड़ी गुण्डी घरखुसरी बनी हुई है। वाकई बंगाल के बाबू मोशाय धमाल कर रहे हैं। अंडों का ऐसा इस्तेमाल कमाल है।

जहरीली शराब या अंधविश्वास की साजिश? : ग्रामीणों ने पुलिस थाने में की शिकायत तब जांच शुरू

8 मौतों के रहस्य से दहला गांव जांच करने कब्र से निकाला शव

कसडोल-बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले के कसडोल थाना क्षेत्र के खर्वे गांव में पिछले कुछ महीनों से हुई लगातार मौत रहस्य बन गई हैं। फरवरी से मई 2026 के बीच गांव के आठ लोगों की मौत हो चुकी है। शुरुआत में इन मौतों को सामान्य घटना माना गया, लेकिन जब एक के बाद एक कई लोगों की जान जाने लगी तो ग्रामीणों के मन में संदेह पैदा हो गया। अब यह मामला इतना गंभीर हो गया है कि पुलिस, प्रशासन और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम को जांच के लिए मैदान में उतरना पड़ा है।

गांव में पहली बार कब्र खोदकर एक शव बाहर निकाला गया है, ताकि मौतों की असली वजह का पता लगाया जा सके। पीएम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव के लोगों का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

फरवरी से मई 2026 के बीच गांव में लगातार शराब पीने वाले लोगों की मौत हुई है। सभी लोग एक ही व्यक्ति के संपर्क में आने के बाद शराब पीते थे और बाद में उनकी मौत हुई। ग्रामीणों के आवेदन देने के बाद अब जांच कर रहे हैं। मामले की सच्चाई सामने लाने एक शव को कब्र से निकालकर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। जरूरत पड़ी तो सभी कब्र खोदकर निकालेंगे।

- कौशल किशोर वासनिक, कसडोल, एसडीओपी

अंधविश्वास की चर्चाओं ने बढ़ाई ग्रामीणों की चिंता

गांव में लगातार हो रही मौतों के कारण कई तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गई थीं। कुछ लोगों ने अंधविश्वास से जुड़ी आशंकाएं भी जताईं। हालांकि प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और जांच रिपोर्ट का इंतजार करने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर जांच पूरी की जाएगी।

फॉरेंसिक जांच से सामने आएगी मौत की सच्चाई

अब इस मामले में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका फॉरेंसिक साइंस लैब की है। विशेषज्ञ शवों से आवश्यक नमूने लेकर उनका परीक्षण करेंगे। जांच के दौरान यह पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि मौतें किसी जहरीले पदार्थ, शराब में मिलावट, बीमारी या किसी अन्य कारण से हुई हैं। टॉक्सिकोलॉजी रिपोर्ट और अन्य वैज्ञानिक परीक्षणों के आधार पर ही मौतों की असली वजह सामने आ सकेगी।

गांव में बना हुआ है डर का माहौल

पुलिस ने स्पष्ट कहा कि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि मौतें जहर देने से हुई हैं या किसी अन्य वजह से। अंतिम निष्कर्ष केवल वैज्ञानिक रिपोर्ट आने के बाद ही निकाला जाएगा। वहीं लगातार हुई आठ मौतों के बाद खर्वे गांव में भय और असुरक्षा का माहौल है। एक के बाद एक 8 लोगों की मौत होने से पूरा गांव दहशत में है।

प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस में राष्ट्रपति मैक्रों से मिले

■ पीएम मोदी ने कहा- दोनों देश एक सोच से आगे बढ़ रहे, मैक्रों बोले- भारत इनोवेशन का देश

नई दिल्ली/ए. । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के नीस शहर में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। दोनों ने 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम भारत, फ्रांस और अन्य देशों के स्टार्टअप्स और वेंचर कैपिटल फंड्स को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। मोदी ने कार्यक्रम में कहा- दुनिया में कुछ देशों के रिश्ते ऐसे होते हैं जो एक सोच और विजन से आगे बढ़ते ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ओमान तट पर डूबी भारतीय नाव अमेरिकी नेवी ने बचाई जान

■ अमेरिकी नेवी के विमान ने आसमान से गिराई लाइफ राफ्ट, 14 भारतीयों की बची जान



नई दिल्ली/ए. । अरब सागर में रविवार को एक बड़ा समुद्री हादसा टल गया। ओमान के रास अल हद्द से करीब 80 समुद्री मील दूर भारतीय चालक दल वाला एक जहाज 'एमएसवी विराट 1' डूबने लगा था। संकट की इस घड़ी में अमेरिकी नौसेना का पी-8 मैरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट फरिश्ता बनकर पहुंचा और जहाज पर सवार सभी 14 भारतीय नाविकों की जान बचा ली। जैसे ही संकट की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सरोना की शराब दुकान में सात लाख की चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के सरोना स्थित कंपोजिट विदेशी शराब दुकान से बदमाश करीब 7 लाख रुपए से भरा लॉकर ही उखाड़कर ले गए। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी अपने साथ ले गए, जिससे पुलिस को कोई सुराग न मिल सके। घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है। रविवार सुबह दुकान संचालकों को चोरी की जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

अकाउंट से पैसे निकालने पर बैंक मैनेजर ने मांगे 10000

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बलौदाबाजार जिले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की निपनिया ब्रांच की महिला मैनेजर पर रिश्वत मांगने का आरोप है। निपनिया गांव की महिला का कहना है कि उसने अपने मृत पति के खाते से पैसे निकालने की कोशिश की, लेकिन उससे रिश्वत मांगी गई। महिला ने इस मामले की जनदर्शन में कलेक्टर से महिला अधिकारी के खिलाफ शिकायत की।

18 अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले रायपुर जोन कमिश्नर भी बदले गए

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रविवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए प्रदेश के कई नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में पदस्थ 18 अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। विभाग ने सभी स्थानांतरित अधिकारियों को 7 दिनों के भीतर नई पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नगरीय प्रशासन विभाग ने किया तबादला

- अरुण ध्रुव रायपुर से दंतेवाड़ा
- रोहित साहू कवर्धा से धमधा
- राजेश गुप्ता दीपका से गौरेला
- सचिन गुप्ता बेरला से कोंडागांव
- शीतल चंद्रवंशी आरंग से चांपा
- नेतराम रत्नेश धमधा से दीपका
- नारायण साहू गौरेला से कवर्धा
- रामसंजीवन चांपा से आरंग
- व्हीकेएस पलदास दंतेवाड़ा से भोपालपटनम
- प्रदीप ठाकुर इंदौरी से दाढ़ी
- देवेश चंदेल कोंडागांव से केशकाल
- श्रीनिवास द्विवेदी कवर्धा से इंदौरी
- आशा जंघेल जामुल से उतई
- प्रभाकर शुक्ला अंबिकापुर से धर्मजयगढ़
- भारतलाल साहू धर्मजयगढ़ से बड़ीकरेली
- लक्ष्मण देहारी नया बाराद्वार से बेरला
- राधाचरण बम्हनीडीह से बलौदाबाजार
- नामेश्वर कावड़े केशकाल से बड़े बचेली

भाई के सामने बंधक बनाकर बहन से गैंगरेप

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में 19 साल की लड़की के साथ 3 लड़कों ने गैंगरेप किया है। रविवार दोपहर अपने फुफेरे भाई के साथ युवती पैदल रिश्तेदार के घर जा रही थी। इसी दौरान 2 युवकों ने रोका और उन्हें खींचकर कोटराही जंगल में ले गए। युवकों ने भाई को बंधक बनाकर उसके सामने ही युवती के साथ गैंगरेप किया। युवकों ने अपने एक साथी को भी फोन कर बुला लिया। उसने भी युवती के साथ रेप किया।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रशिक्षण में आएंगे नेता प्रतिपक्ष राहुल, 10 दिन चलेगा शिविर

■ संगठनात्मक क्षमता बढ़ाने और भविष्य की चुनौतियों पर होगा मंथन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने आगामी चुनावी मुकाबलों को ध्यान में रखते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पार्टी नेतृत्व ने जिला और शहर कांग्रेस अध्यक्षों के लिए 21 से 30 जून तक रायपुर जिले के अभनपुर में 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस शिविर का उद्देश्य संगठनात्मक क्षमता बढ़ाना और नेताओं को भविष्य की राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार करना है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की खास बात यह है कि कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी शिविर में शामिल होने की सहमति दी है। उनके शामिल होने से कार्यक्रम का महत्व और बढ़ गया है। शिविर में जिला स्तर के नेताओं को राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ सीधे संवाद का अवसर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

टीएमसी के बागी सांसद नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी में होंगे शामिल

कोलकाता/नवप्रदेश। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के 28 सांसदों में से 20 बागी सांसदों का गुट त्रिपुरा की बंगाली-समर्थक नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी (एनसीपी) में विलय करेगा।

बागी गुट की नेता काकोली घोष दस्तीदार ने रविवार शाम लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र सौंपने के बाद इसका ऐलान किया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

संसद में अलग सिटिंग की मांग

- टीएमसी के बागी सांसदों ने स्पीकर से संसद में अलग बैठने की जगह देने की मांग की।
- काकोली घोष के मुताबिक, नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी एनडीए को समर्थन देगी।
- काकोली के अनुसार, बागी गुट के पास दो-तिहाई सांसदों का समर्थन है।
- ममता बनर्जी गुट ने स्पीकर को पत्र देकर अलग गुट को मान्यता न देने की मांग की।
- बागी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा- असली टीएमसी कौन है, इसका फैसला अदालत करेगी। बागी गुट टीएमसी के चुनाव चिन्ह 'जुड़वा फूल' पर भी दावा करेगा।

सौगात : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जांजगीर-चांपा जिले में 295 करोड़ विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

विकास कार्यों से आमजन की सुविधाओं का होगा विस्तार: साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पोंड़ी (राछा) में आयोजित कार्यक्रम में जिलेवासियों को विकास की बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री साय ने 295 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 341 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 70.10 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 159 कार्यों का लोकार्पण तथा 224.90 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 182 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

इन विकास कार्यों के माध्यम से सड़क, पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य, नगरीय अधोसंरचना तथा ग्रामीण विकास से जुड़ी सुविधाओं का विस्तार होगा और जिले के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूजा-अर्चना कर विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया तथा बटन दबाकर पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज का दिन जांजगीर-चांपा जिले के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि जांजगीर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विभिन्न विभागों के कार्य शामिल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा लोकार्पित 159 कार्यों में जल संसाधन, वन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सीजीएमएससी, नगरीय प्रशासन तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्य शामिल हैं। वहीं भूमिपूजन के 182 कार्यों में जल संसाधन विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, सीजीएमएससी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, नगरीय प्रशासन तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के महत्वपूर्ण विकास कार्य शामिल हैं।

अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्य केवल निर्माण नहीं होते, बल्कि वे लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम बनते हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है और इसी सोच के साथ प्रदेश में विकास एवं जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद कमलेश जांगड़े तथा छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

दुर्ग विधानसभा के लोकप्रिय
विधायक व कैबिनेट मंत्री
श्री गजेन्द्र यादव जी
को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
स्कूल शिक्षा विभाग की उपलब्धियां और कार्य
गुणवत्ता अभियान
'मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान' का संचालन किया गया, जिसके तहत स्कूलों का मूल्यांकन कर ग्रेडिंग और सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है।
शालाओं का युक्तिकरण
ड्रॉपआउट दर को कम करने और शिक्षक-छात्र अनुपात को सुधारने के लिए 10,463 स्कूलों का सफल युक्तिकरण किया गया है।
विद्या समीक्षा केंद्र
एआई-सक्षम इस तकनीकी प्लेटफॉर्म के जरिए राज्य के 56,000 से अधिक स्कूलों और 57 लाख से अधिक छात्रों की डिजिटल मॉनिटरिंग की जा रही है।
निःशुल्क योजनाएं
कक्षा 1 से 10 तक के सभी छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें और 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को गणवेश का वितरण निरंतर जारी है।
छात्रवृत्ति और प्रोत्साहन
अनुसूचित जाति और जनजाति की छात्राओं सहित अन्य वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा को निरंतर रखने के लिए छात्रवृत्ति और 'मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना' चलाई जा रही है।
उच्च शिक्षा विभाग की उपलब्धियां और कार्य
राष्ट्रीय शिक्षा नीति
राज्य के अधिकांश राजकीय विश्वविद्यालयों में एनईपी 2020 लागू कर दी गई है। मल्टीमीडिया, एनीमेशन और गार्डनिंग जैसे कई स्किल एनहांसमेंट कोर्स जोड़े गए हैं।
आधारभूत ढांचा
उच्च शिक्षा के विकास हेतु 'छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मिशन योजना' (जीएटीआई) के तहत 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्य में नए महाविद्यालय खोले गए हैं और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत की गई है।
कौशल विकास व त्रिपक्षीय एमओयू
आईआईएम और एनआईटी जैसे राष्ट्रीय संस्थानों के साथ एमओयू कर युवाओं को रोजगारोन्मुखी तकनीकी प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता दी जा रही है।
पारदर्शी नियुक्तियां और स्टाफिंग
नियमों में संशोधन: छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षा सेवा भर्ती नियम 2023 में अहम बदलाव कर सीधी भर्ती और पदोन्नति को सरल बनाया गया है।
बंपर भर्ती : प्रयोगशाला परिचारक, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल और प्राचार्यों की नियुक्तियां व काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी की जा रही हैं।
बी.एड. सहायक शिक्षकों को राहत: वर्ष 2023 की सीधी भर्ती में प्रभावित हुए 2621 बी.एड. योग्यताधारी सहायक शिक्षकों की सेवा बहाली कर उन्हें न्याय प्रदान किया गया।
दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के समस्त कार्यकर्तागण

100 से अधिक पुलिस कर्मचारी और अफसरों ने चलाया अभियान

बीएसयूपी कॉलोनी में पुलिस की दबिश, 300 मकानों की जांच

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराधियों पर प्रभावी निगरानी के उद्देश्य से रायपुर पुलिस ने रविवार को बी.एस.यू.पी. कॉलोनी में व्यापक आकस्मिक जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान लगभग 100 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने 300 से अधिक मकानों की सघन जांच कर गुण्डा-बदमाशों, निगरानीशुदा अपराधियों तथा संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) संदीप पटेल के निर्देश पर थाना सरस्वती नगर, आमानाका और न्यू राजेंद्र नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित बी.एस.यू.पी. कॉलोनी में यह विशेष अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त एवं सहायक पुलिस आयुक्तों के मार्गदर्शन में संबंधित थाना प्रभारियों के नेतृत्व में सुबह 8 बजे से अभियान की शुरुआत की गई।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने कॉलोनी के विभिन्न ब्लॉकों, मकानों और सार्वजनिक स्थलों की गहन जांच की। क्षेत्र में रहने वाले गुण्डा-बदमाशों, आदतन अपराधियों और संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की जानकारी जुटाई गई। साथ ही बाहर से आकर किराये या अस्थायी रूप से रह रहे लोगों के पहचान पत्रों और अन्य दस्तावेजों का सत्यापन भी किया गया।

पुलिस ने घर-घर पहुंचकर निवासियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की और सुरक्षा संबंधी सुझाव दिए। किरायेदारों, बाहरी व्यक्तियों और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। जांच के दौरान आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें भविष्य में किसी भी अवैधानिक कार्य में शामिल नहीं होने की सख्त चेतावनी दी गई।

पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से संवाद स्थापित कर उन्हें अपने आसपास होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। साथ ही किरायेदारों और घरेलू सहायकों का अनिवार्य पुलिस सत्यापन कराने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना नजदीकी थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष को देने का आग्रह किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य अपराधियों और असामाजिक तत्वों में कानून का भय पैदा करना, क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का वातावरण बनाए रखना तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। रायपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसे आकस्मिक जांच और सत्यापन अभियान लगातार जारी रहेंगे।

पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना से ग्राम कंठी के उमाकांत चौधरी बने ऊर्जादाता

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना ग्रामीण परिवारों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता का नया माध्यम बन रही है। योजना के तहत हितग्राही न केवल अपने बिजली खर्च में कमी ला रहे हैं, बल्कि स्वयं बिजली उत्पादन कर अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रहे हैं। सरगुजा जिले की ग्राम पंचायत कंठी के निवासी श्री उमाकांत चौधरी इसकी प्रेरणादायक मिसाल हैं, जिनका बिजली बिल अब पूरी तरह शून्य हो गया है। श्री उमाकांत चौधरी ने बताया कि पहले उनके घर में हर माह बिजली का बिल एक अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन जाता था। बढ़ती बिजली खपत के कारण घरेलू बजट प्रभावित होता था। इसी समस्या के समाधान के लिए उन्होंने पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अपने घर की छत पर सोलर पैनल स्थापित कराया। सोलर संयंत्र स्थापित होने के बाद अब उनके घर की अधिकांश बिजली आवश्यकता स्वयं पूरी हो जाती है। आवश्यकता से अधिक उत्पन्न होने वाली बिजली को वे विद्युत ग्रिड में वापस भेज रहे हैं। इससे उनका बिजली बिल पूरी तरह समाप्त हो गया है और वे एक सामान्य उपभोक्ता से ऊर्जा उत्पादक की भूमिका में आ गए हैं।

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशाल स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर

500 से अधिक लोगों ने लिया लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महावीर नगर में पार्षद एवं एमआईसी सदस्य डॉ. अनामिका सिंह के नेतृत्व में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 500 से अधिक लोगों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, वहीं 157 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अनामिका सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की सोच से प्रेरित होकर इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और नेत्र जांच की गई। पात्र हितग्राहियों को चश्मों का वितरण भी किया गया। इसके साथ ही निःसंतान दंपतियों के लिए विशेष परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य संबंधी सलाह और उपचार की जानकारी दी। महिलाओं एवं परिवारों के लिए निःशुल्क परामर्श, एएमएच जांच, अल्ट्रासोनोग्राफी सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। रक्तदान शिविर में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

पूज्य सिंधी पंचायत महावीर नगर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कुल 157 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। आयोजकों ने इसे सामाजिक जागरूकता और मानव सेवा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। डॉ. अनामिका सिंह ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले चिकित्सकों, रक्तदाताओं, स्वयंसेवकों और सामाजिक संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसेवा और समाज कल्याण से जुड़े ऐसे कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, भाजपा जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि मैकमेलन साहू, भाजपा जिला महामंत्री अमित साह, जिला मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह ठाकुर, राजकुमार राठी, मंडल अध्यक्ष भीमवंत निषाद, पार्षद विनय पंकज निर्मलकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूज्य सिंधी पंचायत महावीर नगर के राजकुमार गुंजवानी, अजय जयसिंघानी और पंकज चिजवानी ने भी आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मादक पदार्थ तस्कर की 15 लाख रुपए की संपत्ति फ्रीज

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे व्यापक अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की गई है। मादक पदार्थ तस्कर रूपिन्दर सिंह उर्फपिन्दर उर्फपाबलो की लगभग 15 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति को फ्रीज (सीज) कर दिया गया है। यह कार्रवाई भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अधीन सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक द्वारा मादक पदार्थ एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के प्रावधानों के तहत की गई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी रूपिन्दर सिंह उर्फपिन्दर उर्फपाबलो, मूलतः पंजाब के तरणतारण जिले का निवासी है और वर्तमान में रायपुर के हीरापुर क्षेत्र में रह रहा था। उसके विरुद्ध थाना कबीर नगर में मादक पदार्थ तस्करी, आपराधिक षड्यंत्र तथा शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। विशेष न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। दोषसिद्धि के बाद पुलिस ने आरोपी की वित्तीय जांच शुरू की। जांच में उसके और परिजनों के नाम पर दर्ज चल एवं अचल संपत्तियों की जानकारी एकत्र की गई। इस दौरान आरोपी के नाम पर पंजीकृत दो चारपहिया वाहन पाए गए, जिनमें एक शेवरले क्रूज़ कार और एक महिंद्रा थार शामिल है। दोनों वाहनों की अनुमानित कुल कीमत लगभग 15 लाख रुपये आंकी गई। जांच में पाया गया कि आरोपी की घोषित आय और उपलब्ध वित्तीय अभिलेखों की तुलना में इन संपत्तियों का मूल्य अधिक है। साथ ही यह आशंका भी सामने आई कि इनका अर्जन मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से प्राप्त धनराशि से किया गया है। इसके आधार पर पुलिस ने विस्तृत वित्तीय जांच और दस्तावेजी साक्ष्यों सहित प्रकरण सक्षम प्राधिकारी, मुंबई को भेजा था।

कयाकिंग-कैनोइंग को आगे बढ़ाने हरसंभव सहयोग देगी सरकार: साव

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव आज नवा रायपुर के सेंध जलाशय में आयोजित 36वें नेशनल कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कार प्रदान किए। विगत 12 जून से प्रारंभ इस चैंपियनशिप में देश के 24 राज्यों के 810 खिलाड़ियों तथा करीब 400 अधिकारियों, खेल संघों के पदाधिकारियों और सपोर्टिंग स्टॉफ ने भागीदारी की। चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश ओवरऑल चैंपियन बना। केरलम और ओड़िशा क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार मंत्री गुरू खुशवंत साहेब भी समापन समारोह में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने समापन समारोह में खिलाड़ियों और विभिन्न राज्यों से आए कयाकिंग-कैनोइंग संघों के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी इस खेल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। देशभर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में राज्य के लिए पदक जीत कर ला रहे हैं। राज्य में कयाकिंग-कैनोइंग को और आगे बढ़ाने सरकार हरसंभव सहयोग देगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेल और खिलाड़ियों की तरक्की एवं बेहतरी के लिए लगातार काम हो रहे हैं। भारत सरकार 2047 तक विकसित भारत के साथ ही देश को दुनिया की पांच बड़ी खेल शक्तियों में शामिल करने रोडमैप बनाकर काम कर रही है। ओलंपिक और कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा पदक जीते, इसके लिए योजना बनाकर काम कर रही है।

लोकार्पण: रायपुर पश्चिम को 1.20 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

महतारी सदन और महिला योग भवन का लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विप्र नगर (रायपुरा) में रविवार को 1 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित महतारी सदन और महिला योग भवन व जुंबा केंद्र का लोकार्पण सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा विधायक राजेश मूणत ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व सांसद सुनील सोनी, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक पुरंदर मिश्रा तथा रायपुर की महापौर मीनल चौबे विशेष रूप से मौजूद रहीं।

गरीब और मध्यमवर्गीय बच्चों के लिए महतारी सदन: 80 लाख रुपये की लागत से निर्मित महतारी सदन में आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों के लिए आधुनिक बाल शिक्षा केंद्र तथा बाल देखभाल केंद्र की व्यवस्था की गई है। यहां बच्चों को निःशुल्क अथवा रियायती दर पर गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

महिलाओं के लिए योग और स्वास्थ्य सुविधाएं: 40 लाख रुपये की लागत से निर्मित महिला योग भवन एवं जुंबा केंद्र महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यहां महिलाओं को योग, व्यायाम और स्वास्थ्य संवर्धन से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसे प्रदेश का पहला सर्वसुविधायुक्त शासकीय महिला स्वास्थ्य एवं व्यायाम केंद्र बताया जा रहा है।

सामाजिक सहभागिता से होगा संचालन: परिसर के सुचारु संचालन और रखरखाव के लिए सामाजिक सहभागिता की व्यवस्था अपनाई गई है। टाटीबंध स्थित महतारी सदन की तर्ज पर विप्र नगर परिसर के संचालन की जिम्मेदारी प्रतिष्ठित संस्था महाराष्ट्र मंडल को सौंपने की प्रक्रिया की जा रही है।

विकास और सामाजिक सरोकार का उदाहरण : बृजमोहन अग्रवाल

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह परियोजना विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि गरीब और श्रमिक वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने तथा महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाएं देने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने इसे सरकार की जनकल्याणकारी सोच का प्रतीक बताया।

सुविचार

इस संसार में मनुष्य ही एकमात्र ऐसा प्राणी है जिसका जहर उसके दांतों में नहीं बल्कि बातों में भरा होता है।

टीएमसी के कांग्रेस में विलय की अटकलें

बंगाल विधानसभा चुनाव में चारों खाने चित होने के बाद ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस तिनके की तरह बिखर रही है। तू चल मैं आया कहते हुए टीएमसी के नेता एक के बाद एक ममता बनर्जी से किनारा कर बागी गुट में शामिल होते जा रहे हैं। ममता बनर्जी के साथ जो गिनती के विधायक और सांसद बचे हुए हैं उनका भी हृदय कब परिवर्तित हो जाए इसका कोई ठिकाना नहीं है। इस बीच इंडी गठबन्धन की बैठक में शामिल होने गई ममता बनर्जी ने सोनिया गांधी से मुलाकात कर उनसे लंबी चर्चा की और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी ने राहुल गांधी से भेंट की। इन दो मुलाकातों के बाद राजनीतिक गलियारे में यह चर्चा सरगर्म है कि तृणमूल कांग्रेस पार्टी के कांग्रेस में विलय की तैयारी की जा रही है। हालाकि इस बारे में दोनों ही पार्टियों की ओर से कोई बयान नही दिया गया है लेकिन बंगाल के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और लोकसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी ने यह बयान देकर कि टीएमसी का कांग्रेस में विलय करना कांग्रेस के लिए ठीक नहीं होगा यह स्पष्ट कर दिया है कि भीतर ही भीतर कोई खिचड़ी जरूर पक रही है। इधर शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने भी यह बयान देकर राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है कि कांग्रेस को छोड़कर बनी सभी क्षेत्रीय पार्टियों को वापस कांग्रेस में वापस आ जाना चाहिए। गौरतलब है कि ममता बनर्जी भी शरद पवार और जगन मोहन रेड्डी सहित अन्य क्षेत्रीय क्षत्रपों की तरह कांग्रेस से अलग हुई थी और तृणमूल कांग्रेस का गठन किया था। उन्होंने बंगाल से कम्युनिस्ट पार्टी ही नहीं कांग्रेस का भी सफाया किया था। इंडी गठबन्धन का हिस्सा होने के बावजूद ममता बनर्जी सबको दरकिनार कर एकला चलो रे की नीति पर चलती रहीं। आज जब उनकी पार्टी का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है और एक दिल के टुकड़े हजार हुए कोई यहां गिरा कोई वहां गिरा की तर्ज पर टीएमसी टुकड़े टुकड़े हो रही है तो ममता बनर्जी को इंडी गठबन्धन की याद आई है और वे कांग्रेस शरणं गच्छामि होने का मन बना रही हों तो इसमें ताज्जुब वाली कोई बात नहीं है क्योंकि कहते हैं न कि मरता क्या नहीं करता। यह बात तो कांग्रेस को सोचनी चाहिए कि हारी हुई जुआरी को साथ मिलाने से उसे क्या फायदा होगा? टीएमसी के प्रति बंगाल में न सिर्फनाराजगी है बल्कि लोग टीएमसी से नफरत करने लगे हैं। ऐसे में टीएमसी का कांग्रेसीकरण खुद कांग्रेस के लिए नुकसानदायक हो सकता है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का कहना ठीक लगता है कि वह बंगाल में अपना संगठन मजबूत करे। टीएमसी से दूरी बनाकर अपनी लड़ाई खुद लड़े ताकि वहां कांग्रेस भाजपा का विकल्प बन सके। बहरहाल देखना होगा टीएमसी के कांग्रेस में विलय की यह कवायद कितनी सफल होती है।

भाईचारा मिट रहल बा, बा अमन खतरा में अब।
खतरा में धरती बिया ई , बा गगन खतरा में अब।।
आदमी बा आदमी के रोज काटत देख लीं।
का सुनाई दर्द आपन , बा वतन खतरा में अब।।
नफरती आँधी में बाटे, प्रेम कहवाँ उड़ गइल।
जिन्दगी अनमोल बा ई , बा रतन खतरा में अब।।
तितलियन के पंख नोच बाटे माली रात - दिन।
अधखिलल कलियन में डर बा , बा चमन खतरा में अब।।
शायरी के अब फरोशी रोज दुनिया बा करत।
चुटकुला महफिल में होता , बा सुखन खतरा में अब।।
मिट रहल बा रीत गँवई , पर्व आ त्योहार के।
गाँव छोड़त लोग बाटे , बा चलन खतरा में अब।।
आदमी हैवान बा अब , रोज इज्जत बा लुटत।
नोच लेता लड़कियन के , बा बदन खतरा में अब।।
नेह - नाता सभ भुला के , लोग दुश्मन बा बनल।
का निभाईं प्रेम 'ऐनुल' , बा बचन खतरा में अब।।

'ऐनुल' बरौलवी

सद्‌गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

न मैं किसी धनवान का चेला हूँ, न यशवान का हूं, न किसी महान का हूं; मैं दुनिया में एक की दासता कर सकता हूं और भगवान छाती ठोक के कहते हैं अहमं भक्त पराधिनो। मैं पराधीन रहता हूं पर केवल एक के- जो भक्ति करता है, मैं उसका गुलाम बनके उसके पीछे-पीछे चलता हूं। जब तक जीवन में और व्यवहार में राष्ट्रप्रेम की भावना दिखाई नहीं पड़ती तब तक सिर्फ लेखनियों से, नारों से, हाथ उठाकर मुष्ठियां भींचकर केवल जय जय कार कर देने से कुछ नहीं होगा; व्यर्थ होगा सबकुछ !

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1908- कलकत्ता शेयर बाज़ार की शुरुआत हुई। 1982 - फ़ाकलैंड में अर्जेन्टीना की सैनाओं का ब्रिटिश सेना के समक्ष समर्पण। 1994 - सं.रा. अमेरिका ने सल्फ़र डाईआक्साइड गैस के वायुमंडल में उत्सर्जन को कम कर अम्ल वर्षा रोकने हेतु 26 यूरोपीय देशों और कनाडा के बीच हुए समझौते में शामिल होने से इन्कार किया, इस्रायल और वैटीकन सिटी में राजनयिक संबंध स्थापित। 1997 - आठ मुस्लिम देशों द्वारा इस्तांबुल में डी-8 नामक संगठन का गठन। 1999 - लाकरबी पैन एम. विमान दुर्घटना के लिए लीबिया पर मुकदमा चलाये जाने की अमेरिकी अनुमति। 2001 - शंघाई -पांच शिखर सम्मेलन बीजिंग में सम्पन्न, शंघाई पांच अब शंघाई सहयोग संगठन बना, भारत व पाकिस्तान दोनों को सदस्यता न देने का निर्णय। 2002 - कनाडा के हैलीफ़ैक्स (नोवा स्कॉटिया) में जी-8 देशों के वित्त मंत्रियों की बैठक शुरू। 2004 - ब्रिटेन के साथ परमाणु सहयोग को राष्ट्रपति बुश की स्वीकृति मिली।

राज्यसभा चुनाव : संबंधित कानून एवं नियमों की व्याख्या



राजीव खंडेलवाल

मध्य प्रदेश राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के तीनों उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए जाने और उनके ÷निर्विरोध निर्वाचन÷ की घोषणा के बाद कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन प्रथम दृष्टिया गलत निरस्त होना, राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा और कानूनी बहस व कोतूहल का विषय बन गया। इस लेख का उद्देश्य केवल इस विवाद से संबंधित वैधानिक एवं संवैधानिक प्रावधान प्रावधानों को रखना है। राजनीतिक पहलू पर मैं पहले ही लेख लिख चुका हूं।

"राज्यसभा चुनाव प्रक्रिया संबंधित प्रमुख प्रावधान।" वैधानिक एवं संवैधानिक।

"संबंधित संवैधानिक प्रावधान।" अनुच्छेद 80 : राज्यसभा की संरचना

राज्यसभा में अधिकतम 250 सदस्य, जिनमें 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा नाम निर्देशित होंगे।

अनुच्छेद 84 : सदस्यता की अर्हताएं

भारत का नागरिक एवं न्यूनतम आयु 30 वर्ष होना। साथ ही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक (मतदाता) होना।

अनुच्छेद 102 : सदस्यता के लिए अयोग्यताएं।

लाभ का पद, अस्वस्थ मस्तिष्क, दिवालियापन, दोषसिद्धि, दलबदल विरोधी कानून के अंतर्गत दसवीं सूची के अधीन अयोग्यता, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की विभिन्न धाराओं 7, 8ए, 9, 10 व 10ए के अंतर्गत अयोग्यता।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रमुख प्रासंगिक प्रावधान ।

धारा 34 – जमानत राशि रु 10000/-

धारा 36 – नामांकन की जांच।(scrutiny)

(1)धारा 30 के अधीन नामांकन की समीक्षा के लिए नियत तारीख को अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में प्राधिकृत निर्वाचन अधिकारी नामांकन पत्रों की परीक्षण (जांच) करें और नामांकन पर की गई सभी आपत्तियों का निपटारा करे। निम्नलिखित आधारों में से किसी पर किसी नामांकन को अस्वीकार कर सकता है-

(क) उम्मीदवार अयोग्य हो, (अनुच्छेद 84, 102 के तहत) (ख) प्रस्तावक अयोग्य हो,

(ग) नामांकन निर्धारित प्रारूप में नही है।

(4) निर्वाचन अधिकारी केवल तकनीकी या गैर-सारभूत त्रुटि (substantially) के आधार पर नामांकन अस्वीकार नहीं करेगा।

"धारा 37 — उम्मीदवारी वापसी ।"

प्रारूप 5 में लिखित सूचना द्वारा नियत तिथि को अपराह्न 3:00 बजे तक।

निर्वाचन नियम, 1961 ।

नियम 4: राज्यसभा हेतु नामांकन। फार्म 2c में ।

नियम 4ए: शपथपत्र प्रारूप 26 में संपत्ति, आपराधिक प्रकरण, देनदारियां आदि विवरण देना अनिवार्य है।

नियम 8: वैध उम्मीदवारों की सूची। निर्धारित प्रारूप 4ए में प्रकाशन।

राज्यसभा चुनाव प्रत्यक्ष नहीं, बल्कि विधायकों द्वारा एकल संक्रमणीय मत (STV) अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराया जाता है।

निर्वाचन अधिकारी सामान्यतया विधानसभा का सचिव होता है, जिसका निर्णय अर्ध-न्यायिक (Quasi-Judicial) होता है।

धारा 80 एवं 80ए : उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका दायर की जा सकती है।

धारा 81 : चुनावी याचिका दायर करने की प्रक्रिया समय सीमा एवं योग्यता आधार ।

धारा 116 ए: उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध अपील उच्चतम न्यायालय में।

धारा 100: चुनाव अवैध घोषित करने के मुख्य आधार।

निम्न चार आधारों पर चुनाव शून्य घोषित किया जा सकते हैं।

अयोग्यता, भ्रष्टाचार, नामांकन अनुचित रूप से स्वीकार होना तथा परिणाम पर वास्तविक प्रभाव (गलत वोट गिनती नियमों का उल्लंघन)

" निरस्तीकरण आदेश कारणयुक्त (Speaking Order) नहीं ?"

उक्त आदेश में एक पक्ष की आपत्तियों का विस्तृत उल्लेख है।लेकिन दूसरे पक्ष के तर्कों का सीमित परीक्षण होने के कारण "लेवल प्लेयिंग फील्ड" न होने के कारण यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध है।

अनुच्छेद 329: (b) न्यायिक हस्तक्षेप स्वीकार नहीं ।

"चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद निर्णय घोषित होने तक" न्यायालय मध्यवर्ती हस्तक्षेप नहीं कर सकते हैं।

इसी सिद्धांत को न्यायालयों ने विभिन्न मामलों में दोहराया है, जैसे मोहिंदर सिंह गिल विरुद्ध मुख्य निर्वाचन आयुक्त 1978।

नामांकन अस्वीकार करने के आदेश को चुनौती नहीं दी सकती है। देखिए एन पी पुन्नूस्वामी 1952 SC स्पष्ट है, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 100 (1) (C) के अंतर्गत नामांकन निरस्त करने के आदेश को न्यायालय में चुनौती चुनाव का परिणाम घोषित होने के बाद ही दी जा सकती है।

"उच्चतम न्यायालय का "रुख" ''न्यायिक" नहीं ।"

कानूनी स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है। चुनाव आयुक्त को निर्वाचन अधिकारी के फार्म निरस्तीकरण आदेश को तथा उच्चतम न्यायालय को चुनावी कार्रवाई को परिणाम घोषित होने तक ''रोकने÷ का कोई कानूनी अथवा संवैधानिक अधिकार नहीं है। चुनाव परिणाम अधिकृत रूप से घोषित होने के पूर्व ही निर्वाचन अधिकारी के फार्म निरस्तीकरण आदेश के विरुद्ध मीनाक्षी नटराजन द्वारा दायर याचिका को उच्चतम न्यायालय ने प्रथम सुनवाई के समय ही तुरंत सुनवाई करके खारिज कर देना चाहिए था, बजाय अगले दिन सुनवाई स्थगित करने के। यह बात आइने समान स्पष्ट थी कि अगले दिन सुनवाई के समय के पूर्व ही निर्वाचन अधिकारी द्वारा परिणाम घोषित होने पर, जिसकी जानकारी नटराजन के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायालय को दी थी, के कारण याचिका का "निष्फल" (infructious) हो जाना तय था। यद्यपि उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में याचिका "निष्फल" न ठहराकर बल्कि इस आधार पर कि चुनावी प्रक्रिया एक बार प्रारंभ हो जाने के बाद उसे रोका नहीं जा सकता है, यह कहकर कि चुनाव याचिका ही सही उपचार है, खारिज कर दी।

"आदेश सही ।"

लेकिन एक बात बिल्कुल समझ लीजिए। जिस तरह से मीडिया में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की आलोचना की जा रही है, वह बिल्कुल गलत है। वस्तुतः यह याचिका अनुच्छेद 329(b) के रोक (bar) के कारण पोषणीय "सुनवाई योग्य" ही नहीं थी।

अंत में.. परन्तु इस बात का जवाब कौन देगा जो आज आदेश पारित हुआ, वह कल ही पारित किया जाना चाहिए था। तब आज की सुनवाई की आवश्यकता कदापि नहीं होती। ऐसी स्थिति में इस सुनवाई में जो माननीय न्यायालय का महत्वपूर्ण समय खर्च हुआ व वकीलों की आज की अतिरिक्त फीस के लिए आखिर कौन जिम्मेदार?

ऐतिहासिक कार्यकाल, परिवर्तनकारी नेतृत्व

सीपी राधाकृष्णन

भारत ने 10 जून, 2026 को अपने लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय दर्ज किया। इस रोज श्रीमान नरेंद्र मोदीजी ने प्रधानमंत्री के रूप में निर्बाध सेवा के 4,399 दिन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह ऐतिहासिक उपलब्धि सिर्फराष्ट्र निर्माण के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को ही नहीं दिखाती। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के लोगों के अडिग विश्वास और आस्था को भी प्रतिबिंबित करती है। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के लिए अथक प्रतिबद्धता तथा भारत की अवाम के कल्याण और आकांक्षाओं प्रति अटूट निष्ठा को प्रतिबिंबित करती है।

परिवर्तनकारी नेतृत्वः 4,366 दिन और आगे

श्रीमान नरेंद्र मोदीजी ने राष्ट्र के प्रधान सेवक के रूप में भारत में सुशासन और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांतों पर आधारित अभूतपूर्व परिवर्तन के युग की शुरुआत की है। इतिहास अब्राहम लिंकन को मानव दासता का अभिशाप खत्म कर लाखों लोगों की गरिमा बहाल करने में उनके अडिग नेतृत्व के लिए उनका आदर करता है। इसी तरह, आने वाली पीढ़ियां 25 करोड़ से ज्यादा गरीबों को पूर्ण निर्धनता से बाहर निकालने के लिए श्रीमान नरेंद्र मोदीजी को याद करेंगी। उनकी दृष्टि, अथक प्रयासों और परिवर्तनकारी शासन ने अनगिनत परिवारों को अवसर, गरिमा और उम्मीद देकर सशक्त बनाया है तथा वे आर्थिक स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य के आश्वासन को अपनाने में समर्थ बने हैं। उनका योगदान मानवता की सेवा में एक युगांतरकारी उपलब्धि के रूप में इतिहास में दर्ज रहेगा। इतना ही नहीं, उनकी परिवर्तनकारी पहलकदमियों ने शिक्षा, आवासन, स्वच्छता, स्वास्थ्यसेवा और खाद्य निश्चितता के माध्यम से करोड़ों लोगों की गरिमा और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक, आयुष्मान भारत योजना के जरिए 44 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यसेवा प्रदान की गई है। जल जीवन मिशन ने 12 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों में सुरक्षित और विश्वसनीय पेयजल पहुंचा कर अनगिनत परिवारों को गरिमा प्रदान की और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। निःशुल्क खाद्यान्न के 2020 से जारी प्रावधान से लगभग 80 करोड़ लोगों की खाद्य सुरक्षा की रक्षा होने के अलावा यह सुनिश्चित हुआ है कि कोई भी कमजोर नागरिक पीछे नहीं छूटने पाए। इसके अतिरिक्त, 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों का सुरक्षित और स्थाई घर का मालिक बनने का सपना पूरा हुआ जिससे उनमें सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के लिए उम्मीद की भावना मजबूत हुई है। कुल मिला कर, ये पहलकदमियां एक सहृदय शासन और प्रत्येक भारतीय के कल्याण के लिए अटूट प्रतिबद्धता के स्थाई प्रतीक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी जी के दृष्टिकोण ने समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया है– चाहे वे महिलाएं हों, युवा हों, किसान हों या वंचित वर्ग के लोग। 3 करोड़ से ज़्यादा 'लखपति दीदियों' का सामने आना महिला नेतृत्व में विकास के उनके दृष्टिकोण का एक सशक्त प्रमाण है, जबकि 'नारी शक्ति' के तहत शुरू की गई पहलों ने महिलाओं को देश के निर्माण में और भी अहम भूमिका निभाने में सक्षम बनाया है। नए आईआईटी, एम्स, मेडिकल कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना से भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा तेज़ी से बढ़ा है, जिससे देश के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा हुए हैं।

साथ ही, भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व क्रांति देखी है। वंदे भारत ट्रेनों, हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे स्टेशनों के तेज़ी से विस्तार से लेकर दूर-दराज़ के इलाकों तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने वाली परियोजनाओं तक, उनके नेतृत्व में एक आधुनिक, आपस में जुड़े हुए और महत्वाकांक्षी भारत की नींव रखी है। इन उपलब्धियों ने न केवल आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि देश भर के लाखों नागरिकों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाया है।

भारत डिजिटल नवाचार, सेमी-कंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, वैक्सीन बनाने और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है, जिससे उभरती हुई नई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में विश्व में हमारे देश की स्थिति और मजबूत हुई है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

नाकामियों की वज़्हों को रखते हैं ध्यान में हम पास होते आये हैं हर इम्तिहान में दीवार पर टंगी हुई तस्वीर कह रही आई थी इक खुशी कभी ग़म के मकान में चारों तरफ़ फ़िज़ाओं में खुशबू बिखर गयी जाने हवा ने क्या कहा है गुल के कान में टूटा हुआ खण्ड़र-सा ये वीरान दिल तेरा अब कौन रहने आएगा ऐसे मकान में जब-जब भी ज़िक्र होगा तेरी कामयाबी का आएगा मेरा ज़िक्र तेरी दास्तान में ऐ काश भूल जाऊं मैं सारी वकबलरी कहना है मुझ को शे'र इक आसां ज़बान में।

– अजय अज्ञात

जानना और मानना मानना और जानना बस इन दो लफ़्ज़ों के अदलबदल का खेल है संपूर्ण जीवन हर एक का जिसने भी लिया है जन्म धरा पर, काश! ये अदलबदल न होता तो न होता कभी कहीं दुख और बस सुख ही सुख होता

– शुचि 'भवि'

अमूमन हम अपने में होते हैं या अपनों में होते हैं, बेफिक्री में होते हैं जब अपने में होते हैं खुशफहमी में होते हैं जब अपनों में होते हैं हमारा होना यथार्थ हैं पत्थर की लकीर हैं हमें गुजरा वक़्त समझें वो लोग गलतफहमी में होते हैं। – **वर्षा गुप्ता**

कोई कोई बात पैर में चुभे हुए कांटे की तरह होती है चुभती रहती है हरदम और कोई बात तो ऐसी होती है मानो कांटा निकाल लिया हो पर नोंक मांस के अंदर ही धंसी रह गई हो । अगर नोंक अंदर रही तो घाव बन जायेगा और निकालने की कोशिश की गई तो हर बार मांस को कुरेदना पड़ेगा। हर टीस कलेजा चीरती हुई जायेगी हर बार दर्द की शिद्दत बढ़ जायेगी ।

– आभा चन्द्रा

संसार में कोई मांत्रिक - तांत्रिक - कथावाचक किसी का भाग्य और भविष्य नहीं बता सकता। हां वह ज्ञान की बात बता सकता है ।अगर कोई सोचता है कि ये हमारे जीवन में चमत्कार कर देंगे तो वे लोग अंधविश्वास की जंजीर से जकड़े हैं उन्हें इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए । आपके कर्म ,बुद्धि और मेहनत आपको आगे बढ़ा सकते हैं । – **लक्ष्मी नारायण लहर**

कजरारे बादल की कजरी, सावन का श्रृंगार सखे फागुन रंग रंगीली शबनम रसभंगा मनुहार सखे। चैत किसानी और जवानी, खुशियों का एहसास प्रिये सागर चंदा का आकर्षण, पूनम का विश्वास प्रिये धरती सूरज गंगा यमुना, पूरब पश्चिम प्यार प्रभा। नील गगन आकाश गंग में, उमडि घुमडि संसार सभा राजकिशोर।

– मिश्र 'राज' प्रतापगढ़ी

इसलिए कहते हैं हर बुजुर्ग आदर के काबिल नहीं होता,जिसे उम्र का लिहाज ना हो, उम्र उसे सम्मान नहीं दिला सकता... उम्रदराज तो वो? भी होंगे, जो हमारी आपकी कक्षा में बैठकर टाईम पास करते होंगे, पढ़ाई लिखाई से मतलब नहीं, ही- ही, खी -खी, करना,मास्टरों का मजाक उड़ाना, लड़कियों पर फब्तियां कसना माने फुल चिरकुट गिरी। ऐसे लोग क्या उम्र बढ़ाने पर संत हो जाते हैं। रेल, बस, मेट्रो पार्क जैसे सार्वजनिक स्थलों पर बदमाशियों में नए बच्चों से ज्यादा अधेड़ उम्र के होते हैं। कभी गांव, कस्बा का मेला तमाशा का आर्केस्ट्रा देखिएगा जो भीड़ होती है वो लगभग अधेड़ ही दिखेंगे और नाचती हुई पोती की उम्र की बच्चियां बेचारी। – **कुमुद अनुन्जया**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए विविध उलझन से भरा रहेगा। प्रातः काल से ही मन में निराशाजनक विचार आएंगे। आज विशेषकर सरकार विरोधी गतिविधियो एवं विपरीतलिंगी आकर्षण से दूर ही रहे।

वृषः आज के दिन आपके व्यक्तित्व में विकास होगा। समाज के वरिष्ठ व्यक्तियों से नए अनुभव सीखने को मिलेंगे। स्वभाव में थोड़ा सी अकड जरूर रहेगी जिसके चलते हर किसी से तालमेल नहीं बना पाएंगे।

मिथुनः आज का दिन आपको सावधानी से प्रत्येक कार्य देखभाल कर करने की सलाह है। मध्यांन तक कार्य क्षेत्र से अथवा किसी अन्य माध्यम से धन प्राप्ति के सपने देखेंगे।

कर्कः आज के दिन आपको आकस्मिक लाभ के योग बन रहे हैं। लेकिन आज परिवार में किसी के असंतुष्ट रहने के चलते दिनभर मानसिक क्लेश बना रहेगा।

सिंहः आज का दिन वैसे तो आपके लिए कार्य सफलता वाला है लेकिन आज किसी कारण से शंकालु प्रवृत्ति रहेगी। लाभ के अवसर भी ज्यादा सोच विचार करने के चक्कर में हाथ से निकल सकते हैं इसका ध्यान रखें।

कन्याः आज के दिन आपके स्वभाव एवं व्यवहार में काफी परिवर्तन देखने को मिलेगा। कुछ समय के लिए परिजनों को भी आश्चर्यचकित करेंगे।

तुलाः आज भी दिन भर कोई ना कोई शारीरिक कष्ट बना रहेगा। सेहत को लेकर पूर्व में बरती लापरवाही भी शारीरिक शीतलता का कारण बनेगी।

वृश्चिकः आज का दिन वैसे तो आपके अनुकूल ही रहेगा लेकिन जल्दबाजी में अथवा किसी से प्रतिस्पर्धा के चलते स्वयं को श्रेष्ठ दिखाने की होड़ में हास्य के पात्र तो बनेंगे ही थोड़ी बहुत हानि भी करवाएंगे।

धनुः आज का दिन आपको मिला जुला फल प्रदान करेगा। दिन के आरंभ में कोई छोटी बड़ी हानि की संभावना बनेगी। किसी महत्वपूर्ण विषय में जानकर भी अनजान बनने पर किसी प्रियजन से बहस भी हो सकती है।

मकरः आज का दिन आपके लिए सामान्य फलदायक रहेगा। दिन के आरंभ से ही सोची गई योजनाओं में विपरीत प्रतिक्रिया देखने को मिलेगी।

कुंभः आज के दिन आपको घर एवं कार्यक्षेत्र पर प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। दिन के आरंभिक भाग में सेहत में भी थोड़ी बहुत नरमी रहेगी जिसके चलते दैनिक कार्य में विलंब होगा।

मीनः आज का दिन भी आपको किसी न किसी रूप में आर्थिक लाभ कराएगा। लेकिन आज इसके लिए बेवजह की सरदर्दी भी मौज लेनी पड़ेगी। आकस्मिक यात्रा लाभदायक रहेगी।

QUIZ TIME

1) अदिति अशोक का संबंध किस खेल से है?

2) हाल ही में असम की इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी का नाम बदलकर किसके नाम पर रखा गया है?

3) 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत का सबसे अधिक आबादी वाला महानगरीय शहर कौन सा है?

4) भारत के किस राज्य नंटजलि उत्सव मनाया जाता है?

5) हाल ही में अज्ञेय स्मृति सम्मान 2025 से किसे सम्मानित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) गोल्फ (2) रतन टाटा (3) मुंबई (4) नागालैण्ड (5) उदय प्रकाश

पहेली

शब्द सामर्थ्य -069

ग्राम खट्टी में विधायक की जन चौपाल, ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

- **अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश, किसानों से खरीफ फसल की तैयारियों पर की चर्चा**

महासमुंद। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शनिवार को ग्राम खट्टी में जन चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं, विकास कार्यों से जुड़े सुझावों तथा जनहित के मुद्दों को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

जन चौपाल से पूर्व ग्रामीणों ने विधायक श्री सिन्हा का आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने भगवान महादेव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की।

गांव-गांव पहुंचकर सुन रहे जनता की बात

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा लगातार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर आमजन से भेंट-मुलाकात कर रहे हैं। वे जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, मांगों एवं सुझावों को सुन रहे हैं। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर

समस्याओं के समाधान की पहल भी कर रहे हैं।

लोककल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

ग्राम खट्टी में आयोजित जन चौपाल के दौरान विधायक ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। उन्होंने किसानों से खरीफ फसल की तैयारियों, कृषि संबंधी आवश्यकताओं एवं क्षेत्र की कृषि व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन पटेल, भाजपा मंडल महामंत्री डॉ. माखन सिन्हा, साजन यादव, जनपद सदस्य पुष्पा रूपलाल ध्रुव, गोविंद ठाकुर, डॉ. भरत साहू, आनंद गिरी, हनीश बग्गा, रामेश्वर पटवा, ग्राम खट्टी की सरपंच अनीता मोती मेहरा, ग्राम परसदा की सरपंच मिथलेश सिन्हा, खट्टी की उपसरपंच प्रभा ध्रुवंशी, पूर्व सरपंच दुजराम साहू, रूपलाल ध्रुव, रमेश शर्मा, पवन साहू, नकुल मेहरा, गजेंद्र साहू, राजूलाल मिर्धा, किसनू यादव, महेश जोशी, प्रेमलाल साहू, छबिराम, सकुन, खोमन साहू, मनोज, सतरूपा ध्रुव, गोविंद साहू, संतोषी ध्रुवंशी, गायत्री यादव, सावित्री साहू, संतोषी साहू, लीला यादव, पूनाबाई, संतोषी चतुर्वेदी, देवकुमार साहू, राजेश निषाद, दिनेश ध्रुव, रोशन पटेल, खेमराज ध्रुवंशी, नोहर साहू, मन्नू साहू, साजिद चौहान, रहीम चौहान, तुकाराम ध्रुव, अवध पटेल, गैंदराम आदि।

न्यूज गैलरी

जुम्बा डांस के साथ मस्ती की पाठशाला का हुआ रंगारंग समापन

राजनांदगांव /नव प्रदेश। 3 मई से प्रारंभ होकर 7 सप्ताह तक अलग अलग खेलो के साथ मस्ती की पाठशाला का भारी भीड़ के बीच आज समापन हुआ। समापन अवसर पर महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि नागरिको की मांग पर स्वस्थ मनोरंजन के लिए नगर निगम द्वारा मस्ती की पाठशाला आयोजित की गयी। 7 सप्ताह के गरिमामय आयोजन के बाद आज मस्ती की पाठशाला का समापन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुबह 6 बजे से ही बच्चे परिवार सहित भारी संख्या में पहॅुच हर सप्ताह इसका आनंद उठाए है। पाठशाला के सफल आयोजन के लिए मैं सभी संस्थाओ का जिन्होंने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया उनका आभार व्यक्त करता हॅू। साथ ही मेरे निगम परिवार के पार्षद साथी तथा अधिकारी कर्मचारी जिन्होंने आयोजन में अपनी महती भूमिका निभाई एवं यातायात की टीम जिन्होंने व्यवस्था में सहयोग किया उन सबका भी मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हॅू। उन्होंने कहा कि 16 जून से शिक्षा सत्र प्रारंभ हो रहा है, साथ ही बारिश भी आने वाली है, जिसे ध्यान मे रखकर पाठशाला को विरांम दिया जा रहा है। आगामी वर्षो में इसे और भव्य रूप में आयोजित किया जायेगा।

नपाध्यक्ष के प्रयास से पालिका को 58.22 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात

महासमुंद / नवप्रदेश। जनसेवा को अपना प्राथमिक धर्म मानकर कार्य कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की सक्रिय कार्यशैली और विकासोन्मुखी सोच का परिणाम है कि महासमुंद नगर को एक बार फिर विकास कार्यों की बड़ी सौगात मिली है।

संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, नवा रायपुर द्वारा 15वें वित्त आयोग की अनटाईड ग्रांट मद के अंतर्गत 58 लाख 22 हजार रुपये की लागत के पांच महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की कार्यशैली की विशेषता यह रही है कि वे नगर की जमीनी समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए शासन स्तर पर लगातार प्रयास करते हैं। केवल प्रस्ताव भेजने तक सीमित न रहकर वे स्वीकृति मिलने तक नियमित रूप से फॉलो-अप करते हैं। उनके इसी प्रयास का परिणाम है कि इससे पूर्व भी विभिन्न विकास कार्यों के लिए शासन से 1 करोड़ 27 लाख 85 हजार रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। अब नई स्वीकृति मिलने से नगर के विभिन्न वार्डों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा।

राजनांदगांव में प्री-स्कूल 'लिटिल मिलेनियम' का भव्य शुभारंभ

राजनांदगांव / नवप्रदेश। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और उनके सर्वांगीण विकास को नई दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से देश के प्रतिष्ठित एवं अग्रणी प्री-स्कूल ब्रांड 'लिटिल मिलेनियम' ने अब राजनांदगांव में अपनी नई शाखा प्रारंभ कर दी है। हाल ही में विद्यालय के नवीन परिसर का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार भी विशेष रूप से उपस्थित थे एवं शहर के अनेक प्रतिष्ठित नागरिक, शिक्षाविद, समाजसेवी एवं गणमान्यजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे तथा इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल की सराहना की।यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले आदरणीय स्वर्गीय विजय पांडे जी एवं श्रीमती वसुंधरा पांडे जी की प्रेरणादायी स्मृतियों को समर्पित है। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ श्रेष्ठ संस्कार प्रदान कर उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास सुनिश्चित करना है।

अधूरी तैयारियों के बीच स्कूल खोलना बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़: अभिमन्यु

राजनांदगांव / नव प्रदेश । प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने राज्य सरकार से मांग की है कि प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी, असहनीय उमस तथा स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की कमी को देखते हुए नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 16 जून के बजाय 1 जुलाई से की जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में स्कूल खोलने का निर्णय बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है, उन्होंने कहा कि राजनांदगांव सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। कई क्षेत्रों में हल्की बारिश के बाद गर्मी और उमस की स्थिति और अधिक विकट हो गई है, मौसम विभाग लगातार लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहा है ऐसे समय में छोटे-छोटे बच्चों को घंटों तक स्कूलों में बैठाना उचित नहीं है। बच्चे हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त और अन्य मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। सरकार को बच्चों की जान और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल मौसम ही चिंता का विषय नहीं है, बल्कि शिक्षा विभाग की तैयारियां भी अधूरी हैं। प्रदेश के अनेक स्कूलों में अब तक नए सत्र की पाठ्यपुस्तकें नहीं पहुंची हैं। विद्यार्थियों को मिलने वाले निःशुल्क गणवेशों का वितरण भी पूरा नहीं हुआ है।

ग्रामीणों ने जनसुनवाई का किया विरोध, धरसींवा विधानसभा के मढ़ी गांव के कारखाने का मामला

बिना एनओसी कंपनी विस्तार की तैयारी ग्रामीणों ने जनसुनवाई को बताया फर्जी

धरसींवा / नवप्रदेश। कूंरा जिस कंपनी ने 2 साल से गांव की हवा जहरीली कर रखी है। अब उसी का विस्तार होना है, वो भी पंचायत के बिना NOC, ग्राम सभा के बिना मंजूरी के। बौखलाए ग्रामीण इस पूरी प्रक्रिया को अवैध और असवैधानिक करार देते हुए प्रस्तावित विस्तारीकरण और आहूत जनसुनवाई को स्थगित करने की मांग उठाई है।

दरअसल, रायपुर से 40 किमी दूर धरसीवां विधान सभा क्षेत्र का ग्राम मढ़ी गांव आजकल सांसों की जंग लड़ रहा है। वजह है मढ़ी में स्थापित मेमर्स गौरी गणेश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड। इसी कंपनी ने पिछले दो सालों से धूल, धुएं और प्रदूषण से ग्रामीणों का जीना मुहाल कर रखा है, अब फिर इसी कंपनी के विस्तार के लिए आगामी 18 जून को पर्यावरणीय जनसुनवाई रखी गई है। सबसे बड़ा सवाल है पंचायत से बिना NOC लिए जनसुनवाई कैसे ? वर्तमान सरपंच एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों ने कंपनी को कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया है। इसके बावजूद जनसुनवाई की तारीख तय कर दी गई। इसे नियम विरुद्ध बताते हुए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने तत्काल रद्द करने की मांग की है। पंचायत, ग्राम सभा, जनपद सदस्य सहित प्रकाश सगरवंशी जनपद सदस्य ने भी कलेक्टर, उद्योग विभाग और मंत्रियों को अलग-अलग लिखित आवेदन देकर विस्तार पर रोक और जनसुनवाई तत्काल स्थगित करने की मांग की है। पंचायत का स्पष्ट कहना है कि, जब पंचायत की सहमति ही नहीं है तो जनसुनवाई का मतलब क्या ? यह जनता की आवाज दबाकर कंपनी को बैकडोर एंट्री देने का सरकारी हथकंडा है। पहली यूनिट में भी विरोध हुआ था, लेकिन प्रशासन ने कंपनी को मंजूरी दे दी। नतीजा आज गांव बीमारी का हॉटस्पॉट बन गया है। ष्टस्क्र के नाम पर जीरो और प्रदूषण के नाम पर हीरो बनी कंपनी एक बार फिर ग्रामीणों के निशाने पर है। पिछले दो सालों से प्रदूषण, धूल-धुएं से त्रस्त जनता अब कंपनी के विस्तार का पुरजोर विरोध शुरू कर दिया है। आरोप है कि पंचायत से बिना NOC लिए ही लोकसुनवाई आयोजित की जा रही है। जो कि नियम विरुद्ध है। सोमवार को ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जनसुनवाई स्थगित करने की मांग को लेकर कलेक्टर और उद्योग विभाग में लिखित आवेदन सौंपा है। सवाल सिर्फ कंपनी से नहीं, कलेक्टर, पर्यावरण मंडल और उद्योग विभाग से है। क्या जनता की जान की कीमत कंपनी के निवेश से कम है ? प्रशासन को तय करना है कि वह जनता के साथ खड़ा है या प्रदूषण फैलाने वाली कंपनी के साथ। बता दें कि, पर्यावरणीय जनसुनवाई के लिए ग्राम पंचायत की अनापत्ति प्रमाण पत्र यानी ह्रह्रष्ट अनिवार्य है।

सरपंच ने सूचना के अधिकार के तहत एनओसी को लेकर उद्योग विभाग से जानकारी मांगी है। मढ़ी पंचायत का कहना है कि, उन्होंने कोई ह्रह्रष्ट जारी नहीं की। पूर्व सरपंच ने भी इनकार किया है। ऐसे में 18 जून को जनसुनवाई का नोटिस किस आधार पर जारी हुआ, यह बड़ा सवाल है।

शिकायतों की फाइल मोटी, कार्रवाई जीरो

यह पहला दफा नहीं है जब कंपनी के खिलाफआवाज उठी हो। सोनतरा की सरपंच सुनंदा समीर वर्मा ने पिछले महीने मुख्यमंत्री जनदर्शन में लिखित शिकायत दी थी कि कंपनी के धूल-धुएं ने गांव के तालाब दूषित कर दिए हैं। खौना में सुशासन तिहार के जनसमस्या निवारण शिविर में जनपद सदस्य संध्या दीपक धुरंधर ने भी उद्योग-पर्यावरण विभाग को शिकायत सौंपी थी। जिसमें वायु प्रदूषण और भारी मालवाहकों से जनजीवन पर पड़ रहे दुष्प्रभाव का जिक्र था। इससे पहले और बाद भी कई बार शिकायत हुई है। मगर किसी भी विभाग के अधिकारी जांच के लिए कंपनी नहीं पहुंचा। गाँवों के तालाब में जहर, स्कूल में धूल का गुबार है। कंपनी से बिल्कुल सटे शासकीय हाईस्कूल की हालत और भी खराब है। शोर-शराबा, धूल और ट्रकों की आवाजाही से बच्चों की पढ़ाई चौपट हो रही है। अब विस्तार के बाद प्रदूषण दोगुना बढ़ जाएगा।

ग्रामीण बोले- पहले का वादा भूला कंपनी, सिर्फ धोखा दिया

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंपनी ने ष्टस्क्रफंड से गांव में फूटी कौड़ी का भी विकास कार्य नहीं कराया। मजदूरों को न समय पर भुगतान मिलता है, न सुरक्षा उपकरण। श्रम नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। कंपनी के ओवरलोड मालवाहकों ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बनी सड़क को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। हादसों में कई लोगों की जान जा चुकी है। यह जनसुनवाई नहीं, जनता की आवाज दबाने की सुनियोजित साजिश लगती है। गौरी गणेश इस्पात ने पहले यूनिट में जो वादे किए थे- रोजगार, ष्टस्क्र, प्रदूषण नियंत्रण एक भी पूरे नहीं हुए। उल्टा स्कूल के बच्चों की पढ़ाई, तालाब का पानी और सड़कों का डामर सब छीन लिया। ग्रामीण बोले- अब फिर उसी कंपनी का विस्तार किसी भी शर्त पर नहीं चाहिए। ष्टस्क्रके नाम पर कंपनी ने गांव को दिया सिर्फधुआं, धोखा और बीमारी।

कृषि उपकरणों की चोरी से किसानों को भारी नुकसान, आंदोलन की चेतावनी

महासमुंद / नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उपकरणों, बोरवेल के केबल तारों, मोटर पंपों और फसलों की चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के महासमुंद जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही चोरियों से किसानों की मेहनत, आजीविका और खेती-किसानी पर गंभीर असर पड़ रहा है, जिससे ग्रामीण अंचलों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है।मानिक साहू ने कहा कि हाल ही में ग्राम खड़ीडीह सहित जिले के कई गांवों में बोरवेल के केबल तार, सिंचाई उपकरण और मोटर पंप चोरी होने की घटनाएं सामने आई हैं। इसके अलावा खेतों में नुकसान पहुंचाने और फसलों को क्षति पहुंचाने के मामले भी बढ़े हैं। इन घटनाओं के कारण किसान समय पर सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि जिले के अधिकांश किसान कृषि पर ही निर्भर हैं। ऐसे में सिंचाई संसाधनों की चोरी किसानों के लिए दोहरी मार साबित हो रही है। एक ओर खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर चोरी की घटनाएं किसानों की आर्थिक स्थिति को और कमजोर कर रही हैं।

निर्मल भक्ति ही प्रभु प्राप्ति का सरल और सफल मार्ग

कुरूद / नवप्रदेश। हर हर महादेव महिला मंडल कुरूद द्वारा आयोजित रामकथा उत्सव में बाल योगी विष्णु अरोरा कथा प्रवक्ता ने कहा कि निर्मल भक्ति ही प्रभु प्राप्ति का सरल और सफल मार्ग है। उन्होंने शबरी की सच्ची भक्ति और प्रेम का वर्णन करते हुए बताया कि हिंदू धर्म में भक्ति की अटूट शक्ति और भगवान की समता का सबसे पवित्र प्रतीक है?रामायण कथा के अनुसार, भगवान राम जब माता सीता की खोज में वन-वन भटक रहे थे, तब वे माता शबरी की अनन्य भक्ति और प्रतीक्षा के वशीभूत होकर उनके आश्रम पधारे ।।

प्रेम और समर्पण: शबरी को यह डर था कि कहीं खट्टे या कड़वे बेर प्रभु राम को न खाने पड़ें।?इसीलिए, वे हर बेर को चखतीं (परीक्षण करतीं) और जो मीठा होता, उसे ही प्रभु के लिए रखती थीं।जब राम और लक्ष्मण उनके आश्रम पहुँचे, तो शबरी ने प्रेमपूर्वक उन्हें वे जूठे बेर अर्पित किए।।?लक्ष्मण जी ने संकोचवश वे बेर नहीं खाए, लेकिन भगवान राम ने शबरी की निष्काम भक्ति का सम्मान करते हुए बड़े आनंद के साथ उन बेरों को खाया।

इसके बाद भगवान राम जी का तुलादान महत्व बताते हुए कथा स्थल में भगवान श्रीराम की तुलादान का सजीव चित्रण किया गया। जिसमें स्वर्ण -रजत आभूषण, पारंपरिक परिधान, पंचमेवा काजू किसमिस, बादाम, पिस्ता , छुआरा सहित मिष्ठान आदि से पूर्ण किया गया। राम कथा का रसपान करने धमतरी जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी नीलम चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, कांग्रेस प्रवक्ता आशीष शर्मा,रमेश जी केला ,नवलकिशोर केला ,रामकिशोर केला,भीखम चंद केला,अरुण केला,ओमप्रकाश केला,भंवर लाल केला,ओमकार केला,गोविंद सदानी,सुरेश केला,सौरभ केला, ओंकारदास राठी,मनोज केला,महेश केला,नर्सिंग केला, सुशील केला ,अशोक केला, हितेन्द्र केला,विनोद राठी , आनंद राठी, लालचंद राठी,विजय केला, संजय अजय केला,हरीश केला, बालकिशन केला,चंदन केला ,कौशल केला,कमलेश गांधी,नरेश केला,आशीष केला , सौरभ केला,राजेश केला,अतुल केला, आदित राठी,आदित्य केला, श्रेयांस केला, संजय टावरी,महेश केला,पंकज केला,रोशन केला,दिनेश केला ,निखिल केलाऔर हर हर महादेव महिला मंडल की रश्मि केला ,गीता केला,चंदा केला,आशा केला ,बिमला केला, मनीषा केला,नीतू केला,रेखा चांडक, मधु सदानी, दुर्गा केला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

21000 दीपों से जगमगाएगी देव दीपावली भक्ति और संस्कारों का होगा अद्भुत संगम

- **आज सुप्रसिद्ध भजन गायक चंद्रेश जैन करेंगे श्रीराम भजनों की प्रस्तुति**

राजनांदगांव / नव प्रदेश। संस्कारधानी राजनांदगांव में श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित श्री नारायण श्रद्धा, भक्ति, आराधना एवं संकीर्तन की अविरल धारा के अंतर्गत पुरुषोत्तम मास महोत्सव निरंतर भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो रहा है। महोत्सव के 15वें दिवस सोमवार 15 जून 2026 को श्री नारायण धाम में भक्ति, संगीत और दीपोत्सव का भव्य संगम देखने को मिलेगा। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया कि दोपहर 3:30 बजे से नगर के सुप्रसिद्ध भजन गायक चंद्रेश जैन अपनी मधुर स्वर गंगा से प्रभु श्रीराम के भजनों की प्रस्तुति देंगे। उनके सुमधुर भजन श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराएंगे।

समिति के सह सचिव रामावतार जोशी ने बताया कि

पांच विद्वान पंडितों की उपस्थिति में शंखनाद, घंटानाद एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री सत्यनारायण धर्मशाला से लेकर श्री सत्यनारायण मंदिर तक 21 हजार दीपों से सुसज्जित भव्य देव दीपावली का आयोजन किया जाएगा। इस दिव्य आयोजन के विशेष सहयोगी राकेश ठाकुर (दिया वाले बाबा), शनि धाम रानी सागर परिवार रहेंगे। देव दीपावली के माध्यम से बच्चों को संस्कार शिक्षा, ÷करें योग रहें निरोग÷, ÷पौधे लगाओ-वृक्ष बचाओ÷, ÷जल बचाओ-जीवन बचाओ÷, ÷स्वदेशी अपनाओ÷ तथा ÷गौ माता को राष्ट्र माता बनाने÷ जैसे जनजागरण संदेश भी दिए जाएंगे।

संस्कारधानी के नागरिकों के सहयोग से आयोजित इस अनूठे आयोजन में प्रत्येक श्रद्धालु एक दीप प्रज्वलित कर देव दीपावली उत्सव में सहभागी बनेगा।

समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल एवं राजेश शर्मा ने बताया कि 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास महोत्सव के समापन अवसर पर मंगलवार 16 जून 2026 को प्रातः 10 बजे श्री सत्यनारायण धर्मशाला, नारायण धाम में पंडित कालू महाराज के सान्निध्य में श्री सत्यनारायण कथा, हवन-यज्ञ, पूर्णाहुति एवं विश्व शांति हेतु मंगल कामना का आयोजन किया जाएगा। कथा के यजमान श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के समस्त सदस्यगण रहेंगे। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से श्री सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण कर विश्व शांति एवं मानव कल्याण की मंगल कामना में सहभागी बनने की अपील की है। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

कार्रवाई: महुआ शराब निर्माण, बिक्री और परिवहन पर पुलिस का अभियान जारी

अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, 10 गिरफ्तार

महासमुंद / नवप्रदेश। जिले में अवैध महुआ शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में महुआ, देसी एवं अंग्रेजी शराब के साथ परिवहन में प्रयुक्त वाहन भी जब्त किए गए हैं।

बसना थाना क्षेत्र में तीन प्रकरण दर्ज: बसना पुलिस ने घेराबंदी कर विष्णु सिदार (50) को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 4 हजार रुपये आंकी गई है। आरोपी

के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। दूसरे प्रकरण में सुरेन्द्र जगत (29) के कब्जे से ओडिशा निर्मित चिड़िया छाप महुआ शराब के 103 पाउच (प्रत्येक 200 मिली) जब्त किए गए। जब्त शराब की कीमत 2,884 रुपये बताई गई है। आरोपी के खिलाफभी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। तीसरे मामले में ग्राम बनडबरी निवासी सोनू चौहान (40) को चितलखोल मार्ग पर बिक्री के लिए रखी 6 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। जब्त शराब की कीमत 1,200 रुपये है।

सिंघोड़ा में बाइक से शराब परिवहन करते दो युवक गिरफ्तार: थाना सिंघोड़ा क्षेत्र के एनएच-53 स्थित राफेल चौक पर पुलिस ने राहुल नंद (26) और आदित्य तांडी (21) को बाइक से 25 लीटर महुआ शराब का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया। शराब और बाइक जब्त कर दोनों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।

तेंदूकोना और पटेवा क्षेत्र में भी कार्रवाई: थाना तेंदूकोना अंतर्गत ग्राम पंडरीखार गोठान के पास टकेश्वर यादव (25) को 9284 से 5.4 लीटर देसी प्लेन शराब का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जब्त शराब की कीमत करीब 2,400 रुपये है। वहीं, पचरी निवासी बीसे लाल कुर्रे (21) को पंडरीखार मार्ग पर बाइक में अवैध शराब परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 4.5 लीटर देसी प्लेन शराब तथा 27 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब एवं बाइक जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

टाउन हॉल स्थित सुलभ शौचालय का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

महासमुंद / नवप्रदेश। महासमुंद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने शुक्रवार को नगर के टाउन हॉल के समीप स्थित सुलभ शौचालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शौचालय परिसर में साफ-सफाई, रखरखाव एवं आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान शौचालय के विभिन्न हिस्सों में गंदगी, नियमित सफाई के अभाव तथा आवश्यक व्यवस्थाओं में कमी पाई गई। इन खामियों पर सीएमओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी एवं कर्मचारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीएमओ

सौरभ शर्मा ने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित प्रभारी अधिकारियों को नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने, साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। सीएमओ ने चेतावनी दी कि आगामी निरीक्षण के दौरान यदि पुनः खामियां पाई जाती हैं तो संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

जनपद पंचायत नगरी महासंघ के अध्यक्ष बनने पर रूपेश ध्रुव का भव्य स्वागत

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खण्ड के जनपद पंचायत नगरी महासंघ के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर रूपेश कुमार ध्रुव के सम्मान में ग्राम पंचायत बरियारा में पंचायत भवन परिसर में बधाई एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं गणमान्य नागरिकों ने ध्रुव को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।कार्यक्रम में जनपद क्षेत्र क्रमांक 17 के कृषि सभापति पन्नालाल मरकाम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपसरपंच डिलिए मंडावी, पंच बीरबल नेताम, दिलीप नेताम, रेखाबाई, युवराज सेन, रामगुलाल नेताम, कुशनाथ नेताम, रुकमणी बाई, टेकन बाई, विनिता बाई पटेल, कुती बाई एवं देवंदीन बाई सहित पंचायत के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।कार्यक्रम में ग्रामीणजन मदन मंडावी, रामकुमार नेताम, खेलनराम ध्रुव, हीराराम मरकाम, देवचंद नेताम, प्रवीण निषाद, योगेश नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने रूपेश कुमार ध्रुव को पुष्पहार गुलाल तिलक लगाया एवं शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य तथा क्षेत्र के विकास के लिए सफल नेतृत्व की कामना की।फोटो ङ्क ग्राम पंचायत लटियारा में आयोजित सम्मान समारोह में जनपद पंचायत नगरी महासंघ के अध्यक्ष रूपेश कुमार ध्रुव का स्वागत करते पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन किया गया

भाजपा किसान मोर्चा गैंदाटोला मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

छुरिया/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा गैंदाटोला मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। संगठन को मजबूत बनाने तथा किसानों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।जारी सूची के अनुसार खेमलाल साहू को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर कोमल दास साहू, ढालसिंह वर्मा, महेश यदु, चतुर साहू, सोनाराम कौशिक एवं श्रीमती निकिता साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है।महामंत्री पद पर रामपाल साहू एवं भारत पटेल की नियुक्ति की गई है। मंत्री पद पर राम कुमार साहू, मुरली साहू, भारत वर्मा, श्रीमती शांति बाई एवं अशोक साहू को दायित्व दिया गया है। नरेश साहू को कोषाध्यक्ष, द्रोणाचार्य को सोशल मीडिया प्रभारी तथा दिलीप राम साहू को कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया गया है।भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि किसान मोर्चा भाजपा का एक महत्वपूर्ण और सशक्त संगठनात्मक अंग है, जो पार्टी की विचारधारा, नीतियों और किसान हितैषी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करता है।

एलुमनी मीट में ताज़ा हुई पुरानी यादें, पत्रिका का हुआ विमोचन

भिलाई/नवप्रदेश। शिक्षाधानी भिलाई के सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इसमें पुरानी यादों का स्मरण किया गया। इस दौरान अतिथियों के हाथों पत्रिका का विमोचन किया गया। साथ ही टीचर्स के लिए बहुपयोगी पांडुलिपि का भी पदार्पण भी किया गया। महाविद्यालय प्रथम तल स्थित हिंदी डिजिटल कक्ष में वनस्पति शास्त्र विभाग के द्वारा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह हुआ। आयोजन में अलग-अलग बैच के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा वार्षिक समाचार पत्रिका का विमोचन भी किया गया। साथ ही साथ टीचिंग लर्निंग संसाधन का भी विमोचन अतिथियों के हाथों किया गया।इस दौरान मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा, महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जे.के.तिवारी, डॉ.संगीता शर्मा व अन्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के मुखिया और वनस्पति शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ.गुणवंत चंद्रौल, सहायक प्राध्यापक प्रियंका साहू, मनमीता सिंह राजपूत, गुलेश्वरी साहू, अनिल कुमार खरे, कर्मचारी व अन्य की विशेष भूमिका रही।

एक दिवसीय भव्य करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन के तत्वावधान में ऑक्शन हॉल में बेरोजगार युवा/युवतियों एवं स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय भव्य करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के कलेक्टर बी.एस. उईके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, वनमंडलाधिकारी श्री शशिगानंद, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन, अपर कलेक्टर ऋक्षा ठाकुर तथा डीएसपी गरिमा दादर और जिला वन अधिकारी (डीएफओ) ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत किए। अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। काफी संख्या में छात्र-छात्राएं अपने सुनहरे भविष्य की राह चुनने के लिए एकत्रित हुए।कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शर्टकट नहीं होता। उन्होंने छात्रों को समय प्रबंधन (टाइम मैनेजमेंट) का महत्व समझाया। कलेक्टर ने कहा, अपनी रुचि के अनुसार करियर का चुनाव करें। एक बार लक्ष्य निर्धारित होने के बाद, सोशल मीडिया और अन्य भटकाव वाली चीजों से दूर रहकर पूरी एकाग्रता से पढ़ाई करें। पुलिस अधीक्षक ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए अनुशासन सबसे जरूरी है। उन्होंने खाकी और सिविल सर्विसेज में आने की इच्छा रखने वाले छात्रों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत रहने की सलाह दी। एसपी ने कहा, असफलता से डरें नहीं, बल्कि उससे सीखकर दोगुनी ताकत से प्रयास करें।

मेचका गांव में नेटवर्क समस्या से ग्रामीण परेशान, बीएसएनएल टावर अब तक बंद

- जिस व्यक्ति के जमीन लीज पर टॉवर लगा उसे 15 सालों से राशि नहीं मिली
- जीईओ टावर का नेटवर्क भी बेहद कमजोर, छात्र-छात्राओं व गांव लोग परेशान

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित वनांचल क्षेत्र के ग्राम मेचका में मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्या से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में वर्षों पहले बीएसएनएल का टावर स्थापित किया गया था, लेकिन आज तक उसे चालू नहीं किया गया है। टावर केवल शोपीस बनकर खड़ा है, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। जिसके जमीन लगा रोहित साहू ने बताया कि 15 सालों से मेरे जमीन के लीज के राशि नहीं मिल रहा है उहोंने कहा कि अगर टॉवर चालू नहीं हो सकता तो पूरे टॉवर का समान निकाल ले जाए कंपनी वाले ताकि उस जमीन पर कृषि कार्य किया जा सके

सूत्रों के अनुसार, मेचका गांव के नाम पर उस टावर चालू बताया जा रहा है जिसके कारण अन्य कंपनी टॉवर गांव में नहीं लगाया जा सकता है,जिससे यहां के लोग नेटवर्क सुविधा से वंचित हैं। वहीं आसपास स्थित जीईओ टावर का नेटवर्क भी बेहद कमजोर है, जिससे कॉलिंग और इंटरनेट सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

गौरतलब है कि मेचका गांव के पास ही सोढ़ूर बांध एवं मुचकंद ऋषि बाबा का पहाड़ स्थित है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। लेकिन नेटवर्क सुविधा के अभाव में उन्हें भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आपातकालीन स्थिति में संपर्क न हो पाना एक बड़ी समस्या बनकर सामने आ रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या की जानकारी कई बार उच्च अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। वनांचल क्षेत्र होने के कारण यहां के लोगों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

नेटवर्क की कमी का असर गांव के विकास कार्यों पर भी पड़ रहा है। पंचायत कार्य, स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई, आंगनबाड़ी सेवाएं सहित कई जरूरी काम समय पर नहीं हो पा रहे हैं। डिजिटल युग में नेटवर्क की अनुपलब्धता से ग्रामीण खुद को पिछड़ा महसूस कर रहे हैं।

विनय साहू, गौरव, विकास, झमेश सेन, बिरू पटेल, नवीन प्रजापति, पप्पू प्रजापति, राहुल, रामभुवन, रवि कुमार, यशकरन, चंदू ,देवकुमार समस्त लोगों ने बताया कि बीएसएनएल टावर को शीघ्र चालू कराया जाए तथा अन्य नेटवर्क कंपनियों के टावरों की रेंज बढ़ाई जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर संचार सुविधा मिल सके और विकास कार्यों में गति आ सके।

बड़ी संख्या में महिलाएं लाभ से वंचित, आवेदन प्रक्रिया का कर रहे इंतजार

महिलाओं को महतारी वंदन योजना के दूसरे चरण की प्रक्रिया का इंतजार

कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की लाखों महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता का लाभ मिल रहा है लेकिन आज भी बड़ी संख्या में ऐसी विवाहित महिलाएं हैं जो किसी न किसी कारण से योजना से वंचित है और नए आवेदन की प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र में कई महिलाओं का कहना है की योजना के प्रारंभिक चरण में उम्र दस्तावेजो की कमी कमाने खाने अन्य प्रांत जाने अथवा अन्य कारणों से उनका आवेदन नहीं हो पाया था। लेकिन सभी पात्रता की शर्तें पूरी कर चुकी है लेकिन नए आवेदन भरने के संबंध में कोई स्पष्ट सूचना नहीं मिलने से वह लाभ से वंचित है। महिलाओं का कहना है कि कई परिवारों में सास को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है जबकि बहुत पत्र होने के बावजूद योजना में शामिल नहीं हो पाई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार नए आवेदन खोलने की मांग उठ रही है।

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने प्रमुख वादों में विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की थी। सरकार बनने के बाद योजना लागू हुई और बड़ी संख्या में महिलाओं को उसका लाभ मिल रहा है। हालांकि प्रारंभिक चरण में छूट गई महिलाओं को अब भी दूसरे चरण के आवेदन का इंतजार है। ग्रामीण महिलाओं और सामाजिक संगठनों का कहना है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचना चाहिए। ऐसे में माता री वंदन योजना के लिए पुन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। महिलाओं ने राज्य शासन से मांग की है कि पात्रता पूरी करने वाली तथा पूर्व में किसी कारणवश छूट गई महिलाओं के लिए जल्द आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाए ताकि सभी पात्र महिलाओं को योजना का लाभ समान रूप से मिल सके।

महिलाओं को आर्थिक संबल देने वाली योजना

महतारी वंदन योजना का उद्देश्य विवाहित महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। हितग्राहियों का मानना है की योजना का लाभ सभी पात्र महिलाओं तक पहुंचना चाहिए ताकि शासन की मंशा पूरी तरह सफल हो सके।

पत्र महिलाएं कर रही नए पंजीयन का इंतजार

ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसी महिलाएं हैं जो योजना के पहले चरण में आवेदन नहीं कर सकी। अब पात्रता पूरी होने के बावजूद नए आवेदन नहीं खुलने से वे शासन की निर्णय का इंतजार कर रही है।

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर दुर्ग में विशेष विधिक शिविर आयोजित

बाल श्रम नहीं, शिक्षा का अधिकार

दुर्ग/भिलाई/नवप्रदेश। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा किशोर न्याय बोर्ड, दुर्ग में विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के दो काउंसलर विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों को उनके अधिकारों एवं बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियाँ प्रदान की।

शिविर के दौरान बच्चों को बाल श्रम की परिभाषा, उसके विभिन्न स्वरूपों तथा बाल श्रम उन्मूलन के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि बाल श्रम बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास में बाधा उत्पन्न करता है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य को प्रभावित करता है। वक्ताओं ने बच्चों को बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986, किशोर न्याय से संबंधित प्रावधानों तथा बाल संरक्षण के लिए बनाए गए विभिन्न भारतीय कानूनों की जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम में बच्चों को शासकीय पुनर्वास योजनाओं, शिक्षा के अधिकार तथा बाल संरक्षण तंत्र के बारे में भी अवगत कराया गया। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, गुड टच एवं बैड टच की जानकारी देकर उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

गरियाबंद पुलिस ने बारूला के बच्चों को किया सम्मानित

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के द्वारा आज ग्राम बारूला के उन छोटे बच्चों से मुलाकात की, जो नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज को जागरूक करने की बड़ी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बच्चों के इस सराहनीय प्रयास की खुलकर तारीफ की और उन्हें पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया।

ग्राम बारूला के इन बच्चों ने खेल-कूद की उम्र में सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाने का बीड़ा उठाया है। ये बच्चे गांव-गांव जाकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर रहे हैं।

इनके नाटकों के विषय मुख्य रूप से शिक्षा का महत्व, नशामुक्ति, यातायात और साइबर अपराधों से बचाव जैसे गंभीर मुद्दों पर आधारित होते हैं। बच्चों के इस सकारात्मक प्रयास की जानकारी जब गरियाबंद पुलिस अधीक्षक को मिली, तो उन्होंने खुद इन नन्हें कलाकारों से मिलने की इच्छा जताई। मुलाकात के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बच्चों से उनके नाटकों के अनुभव सुने और समाज के प्रति उनकी इस सोच को बेहतर सराहा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा, ÷बच्चे देश का भविष्य हैं। ग्राम बारूला के इन बच्चों ने यह साबित कर दिया है कि समाज को बदलने के लिए उम्र नहीं, बल्कि एक अच्छी सोच की जरूरत होती है। पुलिस प्रशासन ऐसे हर प्रयास की सराहना करता है जो समाज को सही दिशा दिखाने का काम करते हैं।÷कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी बाल कलाकारों को पुरस्कृत किया, ताकि उनका आत्मविश्वास और बढ़े तथा वे आगे भी इसी तरह समाज सेवा के कार्यों से जुड़े रहें।

कोनारी में पौधारोपण अभियान की शुरुआत

पर्यावरण को शुद्ध रखकर आने वाली पीढ़ी को अच्छा माहौल दे सकते हैं: दिनेश गांधी

डोंगरगाँव/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कोनारी व सभी ग्रामीणजनो द्वारा महा वृक्षारोपण अभियान का शुरुवात किया गाय. जिसमे मुख्य अतिथी के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री दिनेश गांधी जी तथा समस्त ग्रामीणजन के द्वारा इस कार्यक्रम को शुरुवात किया गया, इस वृक्षारोपण अभियान मे पधारे श्री गांधी जी ने कहा कि हम पर्यावरण को शुद्ध रखकर अपने आने वाली पीढ़ी को अच्छा माहौल दे सकते हैं वृक्षारोपण को औपचारिकता न समझें वृक्षारोपण करना हमारा सबसे बडा दायित्व है। इसलिए वृक्षारोपण अभियान को केवल

औपचारिकता न समझें बल्कि इसके लिए तन-मन धन से जुट जाएं, तथा सभी प्रदेशवाशियो को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया.इसी तरह प्रदेश भर में न जाने और कितने ऐसे ही पुराने वृक्ष हैं और हमें प्राणवायु प्रदान कर रहे हैं हमें इनका संरक्षण करना होगा। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण का सबसे अच्छा माध्यम पीपल, बरगद, पाकड़, नीम, बीजू आम समेत तमाम इस तरह के वृक्ष हैं जो फल भी देते हैं, छाया भी देते हैं और पर्यावरण शुद्ध रखकर आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर भविष्य और अच्छा स्वास्थ्य भी देते हैं। हम सबको इनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, प्रत्येक देशवासी का यह दायित्व है कि देश की आजादी अक्षुण्ण बना रहे दूसरा दायित्व देश का हर नागरिक स्वस्थ और दीर्घायु हो।

विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला अस्पताल बेमेतरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

बेमेतरा/नवप्रदेश। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी बेमेतरा द्वारा शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानव सेवा और जीवन रक्षा के कार्य में योगदान दिया। शिविर में कुल 17 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। यह रक्तदान शिविर कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलदर तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. लोकेश साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

16 जून से खुलेंगे जिले के स्कूल, तैयारी पूरी

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले के सभी शालायें आगामी 16 जून से खुल जाएंगी। क्षेत्र की शालाओं के खुलने के समय प्रशासन द्वारा शाला प्रवेश उत्सव भी मनाया जाना है। इसके लिए शाला प्रवेश उत्सव 2026 के लिए शिक्षा विभाग ने दिशा निर्देश भी जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के साथ ही सरकार विधार्थियों के लिए स्वच्छ,सुंदर

और गुणवत्ता पूर्ण माहौल तैयार करने जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार प्रदेशभर में 16 जून से शाला उत्सव का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप ही छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा है कि छात्र-छात्राओं को स्वच्छ व सुंदर वातावरण में गुणवत्तायुक्त शिक्षा दी जाएं। स्कूल शिक्षा विभाग इस दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। इस वर्ष भी शाला प्रवेश उत्सव 16 जून से प्रत्येक स्तर पर किया जाना है। इस हेतु यह अत्यंत आवश्यक है कि शाला प्रवेश उत्सव की प्रारंभिक तैयारी के साथ साथ पर्याप्त प्रचार प्रसार किया जाएं।

क्षेत्र के शालाओं में प्रवेश प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए शिक्षा विभाग ने एक सुव्यस्थित ढांचा तैयार किया है। कक्षा पहली में आंगनबाड़ी केन्द्रों से बच्चों की सूची प्राप्त कर सीधे स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा।

समीक्षा बैठक: पुलिस अधीक्षक ने त्वरित रिस्पांस और संवेदनशीलता के दिए कड़े निर्देश

डायल 112 के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक

गरियाबंद/नवप्रदेश। कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और आपातकालीन सेवाओं को और अधिक प्रभावी करने के उद्देश्य से आज गरियाबंद पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर द्वारा डायल 112 में तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने डायल 112 की कार्यप्रणाली, रिस्पांस टाइम (घटना स्थल पर पहुँचने का समय) और आम जनता से मिलने वाली शिकायतों पर तत्काल की गई कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की।समीक्षा के

दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि डायल 112 पुलिस की आपातकालीन सेवा का चेहरा है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में एसपी द्वारा निम्नलिखित मुख्य निर्देश दिए गए

रिस्पांस टाइम में सुधार : सूचना मिलते ही वाहन बिना किसी देरी के न्यूनतम समय में घटना स्थल पर पहुंचे।

संवेदनशील व्यवहार : पीड़ित या शिकायतकर्ता से अत्यंत विनम्रता और संवेदनशीलता के साथ बात की जाए।

पॉइंट्स पर मुस्तैदी : सभी चिन्हित संवेदनशील स्थानों और डार्क स्पॉट्स पर डायल 112 की गाड़ियां हमेशा अलर्ट मोड पर रहें।

तैयार रहें उपकरण : वाहनों में मौजूद सभी तकनीकी उपकरण जैसे वायरलेस सेट, जीपीएस और फर्स्ट एड किट हमेशा चालू हालत में होने चाहिए।वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना : किसी भी बड़ी या गंभीर घटना की सूचना तुरंत संबंधित थाने और उच्च अधिकारियों को दी जाए।

सीएम हेल्पलाइन से बढ़ा जनविश्वास

बेमेतरा में शिकायतों के त्वरित निराकरण से लोगों को मिल रही राहत

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा के संकल्प को साकार करने में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन प्रदेशभर में एक प्रभावी मंच के रूप में स्थापित हो रही है। बेमेतरा जिले में भी मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई कर उनका गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसका सकारात्मक प्रभाव आम नागरिकों के बीच स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। लोगों का कहना है कि अब उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है तथा समय पर समाधान मिलने से शासन और प्रशासन के प्रति उनका विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन मे जिले मे मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से आम नागरिक बिना किसी परेशानी के अपनी शिकायतें दर्ज करा रहे हैं और संबंधित विभागों द्वारा उन पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। शासन की इस पहल ने प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक जवाबदेह, पारदर्शी तथा जनोन्मुखी बनाया है। बेमेतरा जिले में कुल 369 शिकायतें दर्ज हुई हैं। इनमें से 79 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है।

बोदरी में रजक समाज के सम्मेलन में शामिल होने बिलासपुर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बिलासपुर प्रवास पर पहुंचे। वे जिले के बोदरी में आयोजित कन्नौजिया रजक समाज के सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के बिलासपुर आगमन पर बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट में उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, संभागायुक्त सुनील जैन, आईजी रामगोपाल गर्ग, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महापौर पूजा विधानी, दीपक सिंह, कलेक्टर संजय अग्रवाल तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।

बोदरी में मुख्यमंत्री साय ने की 7 घोषणाएं, शिक्षा खेल और सामाजिक अधोसंरचना पर फोकस

__बिलासपुर/नवप्रदेश।__ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार को बिलासपुर प्रवास के दौरान बोदरी में आयोजित कन्नौजिया रजक समाज के सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न सामाजिक समुदायों एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

मुख्यमंत्री के बिलासपुर आगमन पर बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से वे सीधे बोदरी पहुंचे, जहां आयोजित सम्मेलन में समाज के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कन्नौजिया रजक समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 60 लाख रुपये की घोषणा की। साथ ही संत गाडगे भवन के लिए 25 डिसमिल भूमि उपलब्ध कराने का ऐलान किया। उन्होंने सन्नडय कुर्मी समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भी 60 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की। क्षेत्रीय विकास के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने धमनी-चकरभाठा के मिडिल स्कूल को हाई स्कूल में उन्नयन करने की घोषणा की। वहीं नगर पालिका परिषद बोदरी क्षेत्र में एयरपोर्ट के समीप खेल मैदान विकसित करने तथा जोरा तालाब के सौंदर्यीकरण का भी ऐलान किया। वर्मा समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपये देने की घोषणा भी की गई। सम्मेलन में सामाजिक संगठनों की भूमिका, शिक्षा, सामुदायिक अधोसंरचना और स्थानीय विकास के मुद्दे प्रमुख रूप से चर्चा में रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज आधारित संस्थाओं और स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री शाम 5:48 बजे बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट से रायपुर के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री के स्वागत एवं कार्यक्रम में विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महापौर पूजा विधानी, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, संभागायुक्त सुनील जैन, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

अंडर-18 एशिया कप विजेता हॉकी खिलाड़ी अवि मानिकपुरी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की सौजन्य भेंट

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भारतीय अंडर-18 हॉकी टीम के एशिया कप विजेता सदस्य अवि मानिकपुरी ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अवि मानिकपुरी को अंडर-18 एशिया कप में भारत की ऐतिहासिक विजय में महत्वपूर्ण योगदान के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने अवि मानिकपुरी को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए

शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इसी समर्पण और लगन के साथ आगे बढ़ते रहें तथा आने वाले समय में भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि अवि की उपलब्धि प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह साबित करती है कि अवसर और संकल्प मिलने पर छत्तीसगढ़ की प्रतिभाएं विश्व मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में खेल अधोसंरचना के विकास और खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के प्रयासों से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के नए अवसर मिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर निवासी अवि मानिकपुरी भारत के उभरते हुए हॉकी खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने हाल ही में जापान में आयोजित अंडर-18 एशिया कप प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जिसमें अवि मानिकपुरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, महासचिव डॉ. मनीष श्रीवास्तव तथा अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे उपस्थित थे।

महुआ शराब की बिक्री करते कोचिए गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। महुआ शराब की अवैध बिक्री करते शराब कोचिए को रतनपुर पुलिस ने 12 लीटर शराब सहित गिरफ्तार किया है। शराब की कीमत 2400 रूपए व बिक्री रकम 120 रूपए जब्त किया है। शराब कोचिये पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया। पुलिस के अनुसार उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा जिले में नशे के कारोबारियों पर लगातार कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मधुलिका सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोटा नूपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन व वर्तमान थाना प्रभारी विष्णु यादव के नेतृत्व में टीम गठित किया गया है, जो 13 जून को थाना रतनपुर में मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम दफईपारा में एक व्यक्ति भारी मात्रा में महुआ शराब रखा है व बिक्री कर रहा है कि सूचना पर रेड कार्रवाई करने टीम रवाना हुई थी, ग्राम दफईपारा रन्नू लाल मरावी के घर में रेड कार्रवाई कर आरोपी के घर के बाडी से 12 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2400 रूपये व ब्रिकी रकम 120 रूपये को जप्त कर उक्त व्यक्ति के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में वर्तमान थाना प्रभारी रतनपुर, उपनिरी. विष्णु यादव, प्र.आर. कौशल खुंटे, आर. धनराज कुम्भकार, आकाश डोंगरे , देवानंद चंद्राकर,म.आर. स्वाति बंजारे का विशेष योगदान रहा।

लापता बुजुर्ग की पेड़ से लटकी मिली सड़ी-गली लाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरबी खोंधरा जंगल में एक 62 वर्षीय बुजुर्ग की सड़ी-गली लाश पेड़ से लटकी मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सौखी लाल बंजारे, उम्र 62 वर्ष, निवासी उच्चभट्ठी थाना सीपत के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सौखी लाल बंजारे बीते 19 मई 2026 से लापता थे। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई पता नहीं चलने पर परिजनों ने 28 मई को सीपत थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी बीच रविवार को कोरबी खोंधरा जंगल क्षेत्र में पेड़ से लटकी एक लाश मिलने की सूचना ग्रामीणों ने दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कर परिजनों को जानकारी दी। बताया जा रहा है कि शव काफी पुराना होने के कारण सड़-गल गया था। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। रतनपुर पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर व नकदी चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

__बिलासपुर/नवप्रदेश।__ सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के गहने व एक हजार नकद चोरी करने वाले दो आरोपियों को सकरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियो को पकड़ने में डॉग स्काड व एफएसएल टीम की अहम भूमिका रही। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए एक जोड़ी चांदी का पायल, दो नग कमरबंद चांदी का, एक जोड़ी सोने का कान का एवं एक नग फुल्ली करीबन 60 हजार रुपए को जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थिया नीता बघेल पति मन्नू बघेल उम्र 40 साल निवासी साईनगर उस्लापुर थाना सकरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कृष्णा अस्पताल में झाड़ू पोछा का काम करती है। 12 जून को प्रार्थिया की ड्यूटी रात्रि में होने के कारण अपने घर में 8 बजे ताला लगाकर अपनी ड्यूटी में चली गयी थी ड्यूटी के बाद 13 जून की सुबह 8.30 बजे जब घर आयी तो देखी कि उसके घर के मेन दरवाजा का ताला टूटा हुआ था आलमारी में रखे सोने-चांदी का पुरानी इस्तेमाली जेवर एक जोड़ी चांदी का पायल, दो नग कमरबंद चांदी का, एक जोड़ी सोने का कान का एवं एक नग फुल्ली और नगदी करीब 1000 रू जूमला करीबन 60000 रूपये नहीं था कोई अज्ञात चोर रात्रि में घर का ताला तोड़कर अंदर घुसकर चोरी कर ले गया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा चोरी पर अंकुश लगाने चोरो को तत्काल गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) पंकज कुमार पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक (सिविल लाईन) निमितेश सिंह परिहार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सकरी द्वारा चोरी जैसे अपराध पर अंकुल लगाने हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्तर पर टीम गठित कर तत्काल डॉग स्काड एवं एफएसएल टीम के साथ घटना स्थल पहुंच कर निरीक्षण किया। एफएसएल टीम एवं डाग स्काड द्वारा घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया गया। पुलिस डॉग मास्टर राम मिलन सिंह द्वारा पुलिस डॉग को आरोपियों द्वारा छोड़े गए सामान को सूंघाया गया। पुलिस डॉग गंध सूंघते हुए संदेही विकास चतुर्वेदी एवं अमन टंडन के घर साईं नगर उस्लापुर तक ले गई। संदेहियो से पूछताछ करने पर पहले पुलिस को गुमराह किया जा रहा था कड़ाई से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपियो के कब्जे से चोरी गई मशरूका एक जोडी चांदी का पायल, दो नग कमरबंद चांदी का, एक जोड़ी सोने का कान का एवं एक नग फुल्ली जूमला करीबन 60000 रू को जप्त किया गया। अपराध पंजीबद्ध होने के चंद घंटो के अंदर पुलिस की सजगता एवं तत्परता से आरोपियों को गिरफ्तार कर मशरूका बरामद करने में सफलता मिली। आरोपियो को गिरफ्तार करने में पुलिस, एवं डॉक स्काड राम मिलन सिंह की अहम भूमिका रही।

'एसईसीएल नारी राग-रंग महोत्सव 2026' का उत्साहपूर्ण समापन

नारी राग-रंग महोत्सव ने महिलाओं की छिपी प्रतिभाओं को नई पहचान दी: दुहन

__बिलासपुर/नवप्रदेश।__ श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 'एसईसीएल नारी राग-रंग महोत्सव 2026' का आज एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर में भव्य समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन एवं श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन रहे। इस अवसर पर एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास एवं श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्षागण अनीता फ्रैंकलिन, इप्सिता दास एवं शुभश्री महापात्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्षगण, कार्यकारिणी सदस्याएँ, कर्मचारीगण एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

महोत्सव के द्वितीय दिवस पर समूह गायन, समूह नृत्य, स्टैंड-अप कॉमेडी/मिमिक्री तथा नाटक/स्किट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को विशेष गरिमा एवं उत्साह प्रदान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में हरीश दुहन ने कहा 'नारी राग-रंग महोत्सव का उद्देश्य महिलाओं के भीतर छिपी प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। प्रतिभागियों के उत्साह और उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने सिद्ध किया है कि यह पहल अपने उद्देश्य में सफल रही है। भविष्य में भी महिलाओं की प्रतिभा, आत्मविश्वास और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करने हेतु ऐसे आयोजन निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में योगदान देने वाले निर्णायकों का भी सम्मान किया गया। दो दिवसीय इस महोत्सव ने महिलाओं को अपनी प्रतिभा एवं सृजनात्मकता प्रदर्शित करने का प्रभावी मंच प्रदान करते हुए उनके आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति को नई ऊर्जा प्रदान की।

पत्रकारों, युवाओं व आम लोगों ने रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए दिया जीवनदान का संदेश

बिलासपुर प्रेस क्लब की पहल से सजा सेवा का महाअभियान

बिलासपुर/नवप्रदेश। समाज सेवा और मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए प्रेस क्लब बिलासपुर तत्वावधान में आज प्रेस क्लब परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए जीवनदान का संदेश दिया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान एक

ऐसा महादान है, जिससे किसी गंभीर मरीज को नया जीवन मिल सकता है।

वर्तमान समय में दुर्घटनाओं, ऑपरेशन और विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए रक्त की आवश्यकता लगातार बनी रहती है। ऐसे में समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। शिविर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रक्तदाताओं का पंजीयन किया गया। रक्तदान करने पहुंचे लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं एवम महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

नवागांव पहुंचे विधायक मोहले, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, विकास कार्यों को दी प्राथमिकता

मुंगेली/नवप्रदेश।-क्षेत्र के विकास और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुन्नूलाल मोहले ने ग्राम पंचायत नवागांव (घु) का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।

इस दौरान उन्होंने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने विधायक का आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद आयोजित बैठक में विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, महतारी वंदन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पेयजल, सड़क, विद्युत व्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने आवास स्वीकृति, राशन कार्ड संबंधी समस्याएं, अधोसंरचना विकास तथा अन्य स्थानीय मुद्दों को विधायक के समक्ष रखा। विधायक मोहले ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान ही जनप्रतिनिधि का सबसे बड़ा दायित्व है और क्षेत्र के विकास में

किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। विधायक ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि यदि किसी पात्र व्यक्ति को किसी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है तो उसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को अवश्य दें, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच नारायण साहू ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गांव में आकर विकास संबंधी विषयों पर चर्चा करना और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनना जनप्रतिनिधि की संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विधायक पुन्नूलाल मोहले क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं और गांव-गांव पहुंचकर जनता से संवाद स्थापित कर रहे हैं, जो सराहनीय है। सरपंच ने कहा, ÷हमारे गांव में आकर विकास संबंधी महत्वपूर्ण बातों को साझा करने तथा क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों हेतु आपका हृदय से धन्यवाद। हम आपके उज्ज्वल नेतृत्व, जनसेवा की भावना और क्षेत्र के प्रति समर्पण की सराहना करते हैं। हमें विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में गांव के विकास को नई दिशा मिलेगी।÷ ग्रामीणों ने भी विधायक के दौरे का स्वागत करते हुए विभिन्न विकास कार्यों को लेकर अपनी अपेक्षाएं व्यक्त कीं।

न्यूज गैलरी

स्वच्छ और सुंदर जरहागांव के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील

मुंगेली/नवप्रदेश। वर्षा ऋतु के पूर्व नगर पंचायत जरहागांव के सभी नाली एवं नालों की बैक हो लोडर से सफाई की जा रही है ताकि कही भी बरसात का पानी न भरे एवं जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। नगर पंचायत जरहागांव मुख्य नगर पालिका अधिकारी शुभम बख्तानी ने सभी से अपील की है कि नाली एवं नालियों में कचरा न फेंके एवं जरहागांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करे। नालों में कचरा डालने वाले दुकानदारों आम नागरिकों को कचरा न फेंकने हेतु प्रेरित किया गया ना मानने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई।

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का विशेष आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश।-भारतीय जनता पार्टी जिला मुंगेली द्वारा विकसित भारत संकल्प एवं प्रबुद्धजन संगोष्ठी सम्मेलन का आयोजन 14 जून 2026, रविवार को दोपहर 3:30 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक भवन, मुंगेली में किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में विकसित भारत के संकल्प, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा देश के विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने जिले के प्रबुद्धजनों, शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, व्यापारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने विचार साझा करने तथा विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आग्रह किया है। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने प्रदान किया।

फैकल्टी की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य योजना(संशोधित) नियमावली वर्ष 2020 अंतर्गत संचालित प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालय अंबिकापुर के कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में अध्यापन सह कोचिंग कार्य हेतु फैकल्टी की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोचिंग संस्थानों से ऑनलाइन 'रूचि की अभिव्यक्ति'' का प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है।उन्होंने बताया प्रयास बालक कन्या आवासीय विद्यालय अंबिकापुर में 2026-27 हेतु कक्षा 9वीं में 125 सीट, 2027-28 हेतु कक्षा 10वीं में 125 सीट, 2028-29 हेतु कक्षा 11वीं में 125 सीट, 2029-30 हेतु कक्षा 12वीं में 125 सीट स्वीकृत है। रुचि की अभिव्यक्ति का ऑनलाइन प्रदर्शन की तिथि 13 जून 2026 सायं 03:00 बजे से, रुचि की अभिव्यक्ति के संबंध में preBid meeting 23 जून अपरान्ह 02रू00 बजे है। निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव ऑनलाईन प्रेषित करने की अंतिम तिथि 13 जुलाई 2026 सायं 03:00 बजे तक तथा प्राप्त प्रस्ताव को समिति के समक्ष खोलने एवं तकनीकी मूल्यांकन 14 जुलाई 2026 को सायं 03:00 बजे होगा। रूचि की अभिव्यक्ति संबंधी अन्य कार्यवाही की सूचना संबंधित प्राधिकारी या चयन समिति द्वारा पृथक से दी जायेगी। विस्तृत जानकारी तथा नियमावली हेतु विभागीय वेबसाईट http://www.surguja.gov.in/ पर अवलोकन कर सकते हैं।

16 जून से नया शैक्षणिक सत्र, 1 जुलाई से खुलने की खबर भ्रामक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का संचालन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 जून 2026, मंगलवार से प्रारंभ होगा। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों में प्रसारित की जा रही यह सूचना कि नया शैक्षणिक सत्र 1 जुलाई 2026 से शुरू होगा, पूरी तरह असत्य, भ्रामक एवं फर्जी है। लोक शिक्षण संचालनालय ने विद्यार्थियों, पालकों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे केवल शासन एवं विभाग द्वारा जारी अधिकृत सूचनाओं पर ही विश्वास करें तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट एवं भ्रामक खबरों से सावधान रहें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि 1 जुलाई से शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने संबंधी कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए सभी विद्यालयों में निर्धारित तिथि से शिक्षण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

अतिक्रमण हटाओ अभियान या चुनिंदा कार्रवाई? सवालों के घेरे में नगर पालिका

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में इन दिनों अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासनिक सक्रियता अचानक बढ़ गई है। नगर पालिका, राजस्व विभाग, तहसील प्रशासन और सुरक्षा विभाग की ओर से नोटिस जारी किए जा रहे हैं, शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं और कार्रवाई का माहौल बनाया जा रहा है लेकिन इस पूरी कवायद के बीच नगर की जनता एक बड़ा सवाल पूछ रही है-क्या कानून सभी के लिए समान है या फिर कार्रवाई केवल चुनिंदा लोगों तक सीमित रहने वाली है?

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अतिक्रमण वास्तव में गंभीर समस्या है, तो फिर नगर पांलिका क्षेत्र में वर्षों से जगह-जगह जमे अवैध कब्जों पर समान रूप से कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? जनता का आरोप है कि कुछ स्थानों पर प्रशासनिक सख्ती दिखाई दे रही है, जबकि कई ऐसे इलाके हैं जहां लंबे समय से कथित अतिक्रमण बने हुए हैं और जिम्मेदार विभागों की नजर अब तक वहां नहीं पहुंची है। लोगों के अनुसार, दुकान परिसर, पुराना बस स्टैण्ड, पडावपारा क्षेत्र, नया बस स्टैण्ड, दाउपारा तथा मुख्य सड़कों के किनारे वर्षों से कथित रूप से अवैध कब्जे बने हुए हैं। सबसे अधिक चर्चा है, उन आवासों को लेकर हो रही है जहां स्थानीय लोगों के अनुसार ऐसे व्यक्तियों का कब्जा है जिनका कंपनी से प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने कथित मिलीभगत के दम पर कब्जा कर उन्हें किराये पर दे रखा है और इससे आर्थिक लाभ अर्जित किया जा रहा है। यदि इन आरोपों में सच्चाई है, तो यह केवल अतिक्रमण का नहीं बल्कि सार्वजनिक संपत्ति के दुरुपयोग का भी गंभीर मामला माना जाएगा, नगर की मुख्य सड़क के दोनों ओर हुए अतिक्रमण को लेकर दोनों ओर हुए अतिक्रमण है। स्थानीय

लोगों में भी नाराजगी है कि नगर पांलिका में पूर्व में स्वीकृत गौरव पथ यदि नये स्वरूप में पूरा नहीं हो सका। यदि वहॉ समय रहते अतिक्रमण हटाया गया होता बेहतर होता और सौंदयीकरण होता, तो नगर की यातायात व्यवस्था महत्वपूर्ण योजना भी सफल हो सकती थी। अतिक्रमण के मुद्दे के साथ-साथ नगर की मूलभूत समस्याएं भी लोगों की चिंता का विषय बनी हुई हैं। नागरिकों का कहना है कि नगर क्षेत्र के कई हिस्सों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं और नियमित साफ-सफाई की प्रभावी व्यवस्था दिखाई नहीं देती। वहीं, पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को रोजमर्रा की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में जनता सवाल उठ रही है कि जब नगर की बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, विकास और सुशासन के दावों का वास्तविक लाभ आम नागरिकों तक कब पहुंचेगा? जनता यह भी पूछ रही है कि यदि अतिक्रमण हटाने का अभियान निष्पक्ष है, तो पूरे नगर और क्षेत्र का व्यापक सर्वे कर सभी अवैध कब्जाधारियों की सूची सार्वजनिक क्यों नहीं की जाती? कार्रवाई केवल कमजोर और सामान्य लोगों तक ही सीमित क्यों दिखाई देती है? प्रभावशाली लोगों और कथित संरक्षण प्राप्त कब्जाधारियों पर प्रशासनिक सख्ती क्यों नहीं दिखाई देती? चर्चा का विषय बना हुआ है कि स्थानीय स्तर पर यह सवाल भी आखिर वर्षों से जमे अतिक्रमणों पर चर्चा का जनप्रतिनिधियों की नजर अब तक जिम्मेदार अधिकारियों और क्यों नहीं पड़ी? क्या उन्हें इन कब्जों की जानकारी नहीं थी या फिर शिकायतों के बावजूद अनदेखी की जाती रही? इन सवालों ने प्रशासनिक निष्पक्षता और जवाबदेही को लेकर लोगों के मन में संदेह पैदा कर दिया है। हालांकि, अतिक्रमणकारियों को कथित संरक्षण या किसी प्रकार के लाभ पहुंचाने संबंधी आरोप स्थानीय नागरिकों द्वारा उठाए जा रहे सवाल और आशंकाएं हैं, इन आरोपों की पुष्टि संबंधित जांच और आधिकारिक तथ्यों के आधार पर ही हो सकती है, ऐसे में आवश्यक है कि संबंधित विभाग पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर तथ्यों को सार्वजनिक करें, ताकि जनता के बीच व्याप्त भ्रम और अविश्वास की स्थितिं समाप्त हो सके। अब नगर की जनता स्पष्ट जवाब चाहती है, यदि अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है, तो वह बिना किसी भेदभाव के पूरे नगर पालिका क्षेत्र में दिखाई देना चाहिए। कार्रवाई हो तो सब पर हो, नियम लागू हों तो सबके लिए हों और किसी व्यक्ति, पद, पहचान या प्रभाव के आधार पर विशेष छूट न मिले। क्योंकि कानून की विश्वसनीयता तभी बनी रहती है, जब न्याय केवल होता ही नहीं बल्कि निष्पक्ष रूप से परणित होता दिखे, अन्यथा जनता के मन में यह निष्पक्ष रूप से होता हुआ दिखाई भी नहीं देता जिससे सवाल और गहराता जाएगा कि कहीं बजाय केवल दिखावे और चुनिंदा यह अभियान व्यवस्था सुधारने के कार्रवाई तक सीमित तो नहीं है।

नैनो उर्वरक के उपयोग से बढ़ी पैदावार

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों और नवाचारों को अपनाकर किसान बेहतर उत्पादन के साथ-साथ मिट्टी की गुणवत्ता को भी संरक्षित कर रहे हैं। जिले के ग्राम भगवानपुर निवासी प्रगतिशील किसान श्री सत्यनारायण ने नैनो यूरिया के उपयोग से प्राप्त सकारात्मक अनुभव साझा करते हुए बताया कि नैनो उर्वरक खेती को अधिक लाभकारी और पर्यावरण के अनुकूल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।करीब तीन एकड़ कृषि भूमि पर खेती करने वाले श्री सत्यनारायण पिछले दो वर्षों से अपनी फसलों में नैनो यूरिया-डीएपी का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में नैनो यूरिया-डीएपी का छिड़काव अधिक प्रभावी साबित हो रहा है। नैनो उर्वरक का उपयोग फसलों पर पर्णीय छिड़काव (फोलियर स्प्रे) के रूप में किया जाता है, जिससे पोषक तत्व सीधे पौधों तक पहुंचते हैं और उनका अधिकतम उपयोग हो पाता है। सत्यनारायण ने बताया कि सामान्य उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जबकि नैनो उर्वरक के छिड़काव से पोषक तत्व सीधे पौधों द्वारा ग्रहण किए जाते हैं। इससे उर्वरक का अनावश्यक रिसाव मिट्टी में नहीं होता और भूमि की गुणवत्ता सुरक्षित बनी रहती है। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया के उपयोग से फसलों की वृद्धि बेहतर हुई है तथा उत्पादन में भी सकारात्मक वृद्धि देखने को मिली है।उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों के अनुभव के आधार पर वे नैनो यूरिया को किसानों के लिए उपयोगी एवं लाभकारी विकल्प मानते हैं। इससे न केवल खेती की लागत कम करने में सहायता मिलती है।

शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। थाना सिटी कोतवाली मुंगेली मे दर्ज गुम हुये बच्चों संबंधी अपराधो में त्वरित कार्यवाही किया गया। अपृहता नाबालिग बालिका को आरोपी रामेश्वर साहू के पास होना पता चलने पर मुंगेली पुलिस के द्वारा ग्राम बैगाकापा मे रामेश्वर साहू निवासी बैगाकापा, के पास से बरामद किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, भोजराज पटेल के द्वारा महिला संबंधी लंबित अपराधो तथा अदम दस्तायाब गुम बालक-बालिकाओ के मामले मे लगातार प्रयास कर दस्तायाबी करने के संबंध मे निर्देश दिये गये। अति.पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा के मार्गदर्शन में 07 जनवरी को प्रार्थी थाना उप आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनकी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसला कर भगाकर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध धारा 137 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। विवेचना दौरान गुम अपृहता एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी लगातार की जा रही थी कि मुखबीर एवं तकनीकी आधार पर अपृहता नाबालिग बालिका को ग्राम बैगाकापा के रामेश्वर साहू के पास होना पता चलने पर मुंगेली पुलिस के द्वारा ग्राम बैगाकापा मे रामेश्वर साहू पिता जनीराम साहू उम्र 18 वर्ष निवासी बैगाकापा, थाना लालपुर, जिला मुंगेली के कब्जे से दिनांक 10.06.2026 को मौके मे उपस्थित गवाहों के समक्ष बरामद कर अपृहता का स्वास्थ्य परीक्षण व कथन लेख कर अपृहता को सकुशल परिजनो को सौपा गया, अपहृता को आरोपी रामेश्वर साहू के द्वारा नाबालिग जानते हुये शादी का झांसा देते हुये बहला फुसलाकर भगाकर पुणे ले जाना और लगातार दैहिक शोषण करना प्रमाणित पाए जाने से प्रकरण मे धारा 87.64(2)(एम) बीएनएस एवं 4-6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई।

समर कैंप का सफल समापन

मुंगेली/नवप्रदेश। समग्र शिक्षा एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय, दाऊपारा में दिनांक 02 जून 2026 से 12 जून तक दस दिवसीय समर कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विधाओं के प्रशिक्षकों एवं विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर में योग, खेलकूद, नृत्य, संगीत, चित्रकला तथा बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रभावित किया। योग सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया, जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को लाभ प्राप्त हुआ। वहीं खेलकूद गतिविधियों के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना एवं खेल भावना का विकास किया गया।

ठेकेदार पर हसदेव नदी से रेत के अवैध उत्खनन का आरोप

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले में कलेक्टर के आदेश को गतवा घाट के रेत ठेकेदार के द्वारा खुले आम चुनौती देते हुए रात के दिन रात हसदेव नदी में चैन माउंटेन जेसीबी के माध्यम से रेत का अवैध उत्खनन जारी है आप को बता दें की 10 जून से 15 अक्टूबर तक के लिए नदी से उत्खनन पर पुरी तरह से कलेक्टर ने आदेश जारी कर रोक लगा दी है कलेक्टर के आदेश ठेंगा दिखाते हुए गतवा रेत घाट के ठेकेदार के द्वारा कलेक्टर के आदेश के बाद भी हसदेव नदी पर चैन माउंटेन मसीन

लगाकर अवैध तरीके से रेत निकालने का काम चल रहा है गतवा के ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार यहां रेत का अवैध उत्खनन कर सिलादेही के नदी किनारे बड़ी मात्रा में भंडारण करने का काम चल रहा है जब की कलेक्टर ने नदी से रेत निकालने को लेकर एक आदेश जारी किया है और नदी से उत्खनन पर रोक लगा दी है । जिले के खनिज विभाग इन दिनों अपनी कार्रवाई को लेकर खुश चर्चा में है गतवा रेत घाट में चल रहे रेत उत्खनन की खबर के बाद खनिज विभाग की टिम गतवा रेत घाट पहुंची थी और हसदेव नदी में चैन माउंटेन जेसीबी मसीन के माध्यम से डायरेक्ट हाइवा लोडिंग के लिए ठेकेदार द्वारा बनाई गई सड़क को काट कर खनिज विभाग के अधिकारी ने कार्रवाई कर अपनी पीठ थपथपा कर वाहवाही लूटने में लगी है जब की इस तरह कार्रवाई को सब समझते हैं की यह केवल दिखावे की कार्रवाई है और मजे की बात तो यह है की खनिज विभाग ने जो सड़क काट कर बड़ी कार्रवाई का दावा कर रही है उस सड़क को ठेकेदार ने फिर से बना कर रेत उत्खनन जारी कर दिया है जो खनिज विभाग की कार्रवाई को ठेंगा दिखाते हुए मजाक बन गया।

पेज 1 का शेष...

राम मंदिर में 'चंदा चोरी...

को सौंपी गई है, जो प्रशासनिक विसंगतियों की पड़ताल करेंगे। वहीं, टीम में सुरक्षा, जालसाजी और कानून-व्यवस्था के तकनीकी व आपराधिक पहलुओं की बारीकी से जांच करने के लिए लखनऊ रेंज की महानिरीक्षक (आईपीएस) किरण एस को शामिल किया गया है। इसके साथ ही, खातों में हेराफेरी, ऑडिट रिपोर्ट, बैंकिंग लेन-देन और ट्रस्ट के वित्तीय दस्तावेजों की गहन आर्थिक पड़ताल के लिए वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन को इस टीम का तीसरा सबसे महत्वपूर्ण सदस्य बनाया गया है।

8 मौतों के रहस्य से...

पास बैठकर शराब पीते थे। इसी वजह से गांव में यह आशंका पैदा हुई कि कहीं शराब में कोई नशीला या जहरीला पदार्थ तो नहीं मिलाया गया था। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इन आरोपों की पुष्टि नहीं की है और मामले की जांच जारी है.

प्रशासन ने कब्र से निकाले शव: ग्रामीणों की शिकायत और प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने प्रशासनिक अनुमति लेकर दफन किए गए शवों को बाहर निकालने का फैसला किया। शनिवार को पुलिस, राजस्व विभाग और फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की संयुक्त टीम खर्वे गांव पहुंची। अधिकारियों की मौजूदगी में कब्रों को खोदा गया और शवों को बाहर निकाला गया। यह दृश्य गांव के लोगों के लिए बेहद असामान्य था। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे और पूरी कार्रवाई को देखते रहे। प्रशासन ने पूरी प्रक्रिया को कानूनी और वैज्ञानिक तरीके से पूरा कराया।

प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस...

हैं। भारत और फ्रांस का रिश्ता भी ऐसा ही है। दोनों देशों के संबंध सिर्फ व्यापार या कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि साझा मूल्यों, भरोसे और भविष्य के लिए एक जैसी सोच पर आधारित हैं।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा- भारत इनोवेशन का देश है। फ्रांस रक्षा, तकनीक और कई अन्य क्षेत्रों में 'मेक इन इंडिया' का भागीदार रहा है। एआई और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारत और फ्रांस के बीच सच्ची रणनीतिक साझेदारी है।

ओमान तट पर डूबी भारतीय...

सूचना मिली, अमेरिकी नौसेना का पी-8 मैरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचा। विमान ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आसमान से ही समुद्र में 'लाइफ राफ्ट' गिराई। विमान ने ऊपर से पूरी निगरानी रखी और यह सुनिश्चित किया कि सभी 14 भारतीय नाविक सुरक्षित रूप से डूबती नाव को छोड़कर लाइफ राफ्ट तक पहुंच गए हैं।

18 अधिकारी-कर्मचारियों के...

निर्देश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार, रायपुर नगर निगम के जोन आयुक्त अरुण कुमार ध्रुव को मुख्य नगर पालिका अधिकारी बनाकर दंतेवाड़ा भेजा गया है। वहीं, दंतेवाड़ा में पदस्थ वीकेएस पलदास को नगर पंचायत भोपालपटनम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तबादला सूची में कवर्धा, धमधा, दीपका, गौरेला, चांपा, आरंग, कोंडागांव और दंतेवाड़ा समेत कई नगरीय निकाय शामिल हैं। रोहित कुमार साहू को कवर्धा से धमधा, राजेश गुप्ता को दीपका से गौरेला और सचिन गुप्ता को बेरला से कोंडागांव स्थानांतरित किया गया है। शीतल चंद्रवंशी को आरंग से चांपा भेजा गया है। आदेश में अंबिकापुर, जामुल, धर्मजयगढ़, बड़ी करेली, बेरला, केशकाल और बलौदाबाजार में पदस्थ अधिकारियों के भी तबादले किए गए हैं।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रशिक्षण...

मिलेगा, जिससे उन्हें संगठन और चुनावी रणनीति की बेहतर समझ विकसित करने में मदद मिलेगी। केसी वेणुगोपाल ने जारी किए निर्देश अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सभी जिला कांग्रेस अध्यक्षों और शहर कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र जारी कर प्रशिक्षण शिविर में अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार यह कार्यक्रम केवल औपचारिक प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क अभियान, डिजिटल कम्युनिकेशन और सोशल मीडिया रणनीति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत सत्र आयोजित किए जाएंगे।

टीएमसी के बागी सांसद...

उन्होंने कहा- हम पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए के साथ काम करेंगे। बागी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय और शदाब्दी रॉय ने कहा कि उनका गुट पहले ही एनसीपी में विलय कर चुका है। बिरला से मुलाकात की जो फोटो सामने आई है, उसमें 17 टीएमसी सांसद दिख रहे हैं। स्पीकर से मुलाकात से पहले सांसदों ने बंगाल भाजपा प्रभारी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ बैठक की थी।

विकास कार्यों से आमजन...

चांपा जिले को लगभग 295 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिल रही है, जिससे क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और जनजीवन अधिक सुगम बनेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र के संतुलित एवं समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क, पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य और अधोसंरचना से जुड़े कार्यों के माध्यम से लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

सुकमा की दो बेटियों ने 'खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स' फुटबॉल में जीता गोल्ड

- दोनों को वन मंत्री केदार कश्यप ने दी बधाई
- विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना से मिलेगा आर्थिक सहयोग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की महिला खिलाड़ियों शारदा और पूजा ने पहले 'खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स' के महिला फुटबॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड) जीता है। छत्तीसगढ़ की टीम ने रोमांचक फाइनल में झारखंड को हराकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

सुकमा जिले की बेटियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। जिले के दूरस्थ गांवों से आने वाली फुटबॉल खिलाड़ी शारदा प्रधानी (ग्राम चिपुरपाल) और पूजा माड़वी (ग्राम कोलईगुड़ा, कोंटा) ने प्रथम नेशनल ट्राइबल गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर नई उपलब्धि हासिल की है। वन एवं जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि राजधानी रायपुर में आयोजित 'खेलो इंडिया' योजना के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ी छत्तीसगढ़ की विजेता फुटबॉल टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा रहीं। टीम ने सेमीफाइनल में अरुणाचल प्रदेश को हराने के बाद फाइनल मुकाबले में झारखंड को पराजित कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। खिलाड़ियों की सफलता में खेलो इंडिया फुटबॉल कोच शिवेंद्र ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

दूरस्थ गांवों की बेटियों ने बढ़ाया प्रदेश का मान

शारदा और पूजा वर्तमान में आवासीय खेल अकादमी, रायपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उनकी उपलब्धि यह दर्शाती है कि उचित प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने पर ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं।

कलेक्टर ने खिलाड़ियों से की मुलाकात

स्वर्ण पदक जीतने के बाद दोनों खिलाड़ियों ने कलेक्टर अमित कुमार से भी मुलाकात की। इस दौरान कलेक्टर ने उनकी पढ़ाई, प्रशिक्षण और खेल संबंधी अनुभवों की जानकारी ली। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें जिला प्रशासन की ओर से बधाई दी। साथ ही उन्होंने 'विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना' के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। यह सहयोग खिलाड़ियों को आगे बेहतर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेगा। जिला प्रशासन द्वारा खेल प्रतिभाओं को निरंतर प्रोत्साहन दिए जाने का ही परिणाम है कि सुकमा जैसे दूरस्थ जिले की बेटियां राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना रही हैं। शारदा और पूजा की सफलता जिले के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन गई है।

न्यूज गैलरी

तलवार लेकर आतंक फैलाने वाला युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। डूमर तालाब क्षेत्र में हाथ में तलवार लहराकर राहगीरों के बीच दहशत फैलाने वाले युवक का आतंक आखिरकार पुलिस ने खत्म कर दिया। आमानाका थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर-दबोचा और उसके कब्जे से अवैध धारदार तलवार बरामद की। जानकारी के अनुसार 13 जून 2026 की शाम पुलिस की नियमित पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि एक युवक खुलेआम लोहे की तलवार लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है। उसकी हरकतों से आसपास के लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गवाहों की मौजूदगी में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक धारदार लोहे की तलवार बरामद हुई, जिसे वह सार्वजनिक स्थान पर लहरा रहा था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपी की हरकतें न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती थीं, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रही थीं। इसी आधार पर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत अपराध दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई। पूछताछ और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

तोलमा में बनेगा 77.32 लाख का हायर सेकेंडरी स्कूल भवन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व तथा वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के मार्गदर्शन में ग्रामीण एवं खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से विकासखंड लैलूंगा के ग्राम पंचायत तोलमा में नवीन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण के लिए 77.32 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस नए विद्यालय भवन के निर्माण से तोलमा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के अवसर और अधिक सुलभ होंगे। यह परियोजना डीएमएफट्रस्ट की शासी परिषद की 11 मई 2026 को आयोजित बैठक में स्वीकृत की गई थी। इसके बाद 27 मई को तकनीकी स्वीकृति और 2 जून 2026 को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई। परियोजना को वित्तीय वर्ष 2026-27 में शिक्षा क्षेत्र की प्राथमिकता वाली योजनाओं में शामिल किया गया है। विद्यालय भवन का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग, रायगढ़ संभाग द्वारा किया जाएगा। विभाग को कार्य प्रारंभ होने की तिथि से 365 दिनों के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया है।

डीएमएफसे कृषि क्षेत्र को 4.19 करोड़ रुपए की बड़ी सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व तथा वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले के कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) रायगढ़ द्वारा कृषि अधोसंरचना विकास के लिए 4 करोड़ 19 लाख 52 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस राशि से जिले के खरसिया और घरघोड़ा विकासखंडों में कुल 9 हजार मीट्रिक टन भंडारण क्षमता वाले पांच आधुनिक गोदाम एवं कार्यालय भवनों का निर्माण कराया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों के अंतर्गत उच्च प्राथमिकता वाले इस कार्य के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायगढ़ को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। सभी निर्माण कार्यों को 365 दिनों के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परियोजना के तहत विकासखंड खरसिया के ग्राम टेमटेमा में 1800 मीट्रिक टन क्षमता वाले चार गोदामों का निर्माण किया जाएगा। इनमें गोदाम क्रमांक-01 एवं कार्यालय भवन के लिए 85.17 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जबकि गोदाम क्रमांक-02, 03 और 04 के निर्माण हेतु प्रत्येक के लिए 79.15 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है।

विश्व रक्तदाता दिवस पर राज्यपाल ने रक्तदाताओं का किया सम्मान

रक्तदान सबसे बड़ा दान : राज्यपाल

रायपुर/नवप्रदेश। मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है दूसरे के जीवन की रक्षा करना और यह अपने ही रक्त के एक बूंद से हो सके तो इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं है। रक्त का दान सबसे बड़ा दान होता है। राज्यपाल रमेन डेका ने रविवार को प्रदेश के स्वैच्छिक रक्तदाताओं का सम्मान करते हुए उक्त बातें कहीं।

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा की ओर से स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मानित करने के लिए लोकभवन में समारोह आयोजित किया गया। समारोह में छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस के अध्यक्ष राज्यपाल डेका ने सर्वाधिक रक्तदान करने वाले प्रदेश के 30 स्वैच्छिक रक्तदाताओं सहित विभिन्न संगठनों और संस्थाओं के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर लोकभवन में रेडक्रॉस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लोकभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने उत्सव पूर्वक रक्तदान किया।

स्मारिका का विमोचन

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमेन तोमन साहू ने स्वागत उदबोधन दिया तथा सोसायटी के सचिव डॉ. रूपल पुरोहित ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस स्मारिका का विमोचन किया गया।

रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं : डेका

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और यह केवल स्वस्थ व्यक्ति के स्वैच्छिक दान से ही उपलब्ध हो सकता है। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया, सिकल सेल, एनीमिया, हिमोफिलिया, कैंसर तथा दुर्घटना जैसी आपात स्थिति में रक्त की आवश्यकता जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर तय करती है। छत्तीसगढ़ के रक्तदाताओं की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यहां के लोगों में जो सेवा भाव है वह दूसरी जगह देखने को नहीं मिलती। रक्तदाताओं ने वर्षो से निःस्वार्थ भाव से रक्तदान कर अनेक लोगों को नया जीवन दिया है। ऐसे रक्तदाता समाज के लिए प्रेरणा हैं और उनकी सेवा भावना आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण है। राज्यपाल ने रेडक्रॉस ब्लड बैंक और उसकी टीम के कार्यो की भी सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था वर्षो से जरूरत मंदों तक जीवनदायी रक्त पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

लाखों राशन कार्डधारियों को मिल रहा खाद्य सुरक्षा का लाभ

- 497 उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस मशीन के माध्यम से हो रहा राशन वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से प्रदेश के जरूरतमंद नागरिकों को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा किसानों को समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में इन योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले में वर्तमान में 497 उचित मूल्य दुकानें संचालित हैं, जहां ई-पॉस मशीनों के माध्यम से आधार आधारित खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। राशन कार्ड से लिंक आधार संख्या के आधार पर पात्र हितग्राहियों को पारदर्शी एवं सुगम तरीके से राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जशपुर जिले में कुल 2 लाख 68 हजार 108 राशन कार्डधारी हितग्राही खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इनमें 2 लाख 51 हजार 358 बीपीएल तथा 16 हजार 780 एपीएल श्रेणी के हितग्राही शामिल हैं। प्रदेश में राशन कार्ड की श्रेणी के अनुसार हितग्राहियों को प्रतिमाह 10 किलोग्राम से 35 किलोग्राम तक चावल प्रदान किया जाता है। वहीं आदिवासी बहुल क्षेत्रों में अंत्योदय श्रेणी के हितग्राहियों को चावल के साथ प्रति माह 2 किलोग्राम चना एवं 1 किलोग्राम शक्कर भी उपलब्ध कराई जाती है। खाद्य सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी संचालन से जिले के हजारों परिवारों को नियमित रूप से खाद्यान्न उपलब्ध हो रहा है, जिससे उनकी खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।

विजेता हॉकी खिलाड़ी अवि ने की साय और साव से मुलाकात

युवा खिलाड़ियों की उपलब्धियां बढ़ा रही छत्तीसगढ़ का गौरव : साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रविर को राजधानी रायपुर स्थित निवास कार्यालय में भारतीय अंडर-18 हॉकी टीम के एशिया कप विजेता सदस्य अवि मानिकपुरी ने मुलाकात की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने मानिकपुरी को अंडर-18 एशिया कप में भारत की ऐतिहासिक विजय में महत्वपूर्ण योगदान के लिए हार्दिक बधाई दीं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। साय ने कहा कि अवि की उपलब्धि प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह साबित करती है कि अवसर और संकल्प मिलने पर छत्तीसगढ़ की प्रतिभाएं विश्व मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में खेल अधोसंरचना के विकास और खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के प्रयासों से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के नए अवसर मिल रहे हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, महासचिव डॉ. मनीष श्रीवास्तव तथा अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में 16 जून से ही खुलेंगे स्कूल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नए स्कूली शिक्षा सत्र की शुरुआत अब 16 जून को ही होगी। सोशल मीडिया पर वायरल खबर में बताया गया कि भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्कूल खुलने की तारीख आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। आपको बता दें कि ये मात्र अफवाह है। राज्यभर में स्कूल 16 जून को खुलेंगे। इस अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

सिंधी संस्कृति के संरक्षण पर हुई बात

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल से शनिवार को रायपुर स्थित उनके शासकीय निवास पर छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी की नवनियुक्त अध्यक्ष सुषमा जेठानी ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान सिंधी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं के संरक्षण-संवर्धन और समाज के सर्वांगीण विकास में अकादमी की भूमिका पर सार्थक चर्चा हुई।

सिंधी अकादमी की अध्यक्ष ने की मंत्री राजेश अग्रवाल से मुलाकात

सिंधी समाज के योगदान की सराहना

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि सिंधी समाज ने मेहनत, उद्यमशीलता और सांस्कृतिक मूल्यों से प्रदेश एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समाज की गौरवशाली परंपराओं, भाषा, साहित्य, लोककला और सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में सिंधी अकादमी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हैस उन्होंने विश्वास जताया कि सुषमा जेठानी के नेतृत्व में अकादमी समाज की सांस्कृतिक पहचान को और सशक्त बनाएगी।

पुनर्वासित युवाओं को मिला स्वास्थ्य सुरक्षा का संबल

रायपुर/नवप्रदेश। माओवाद छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटे पुनर्वासित युवाओं को नई जिंदगी देने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा व्यापक स्वास्थ्य सुरक्षा और संबल प्रदान किया जा रहा है ताकि वे आर्थिक चिंता से मुक्त होकर अपना और अपने परिवार का मुफ्त इलाज करा सकें। बीजापुर जिले के कलेक्टर विश्वदीप के मार्गदर्शन में बीजापुर जिले के पुनर्वासित युवाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष पहल की जा रही है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुनर्वास केंद्र बीजापुर में विशेष शिविर आयोजित कर 89 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हितग्राहियों का पंजीयन किया, आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया तथा पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड तैयार किए। इस दौरान हितग्राहियों को योजना की पात्रता, लाभ और उपयोग की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई।

आयुष्मान कार्ड बनने के बाद पात्र हितग्राही आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। इससे जरूरत के समय बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी और उपचार पर होने वाले आर्थिक बोझ से भी राहत मिलेगी।

आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन की ओर बढ़ते कदम

जिला प्रशासन का उद्देश्य पुनर्वासित युवाओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करना है। आयुष्मान कार्ड निर्माण की यह पहल स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ उनके बेहतर भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

स्वास्थ्य: मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना बनी वरदान, 4 वर्षीय मासूम के इलाज के लिए 6 लाख रुपए स्वीकृत

नन्हीं आंचल के जीवन में गूंजेगी खुशियों की किलकारी

रायपुर/नवप्रदेश। संवेदनशील सरकार जब गरीब और जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़ी होती है, तो बड़ी से बड़ी मुश्किलें भी आसान हो जाती हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप संचालित 'मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना' आज प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक नया जीवनदाता बनकर उभर रही है। इस योजना ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के एक गरीब परिवार के सूने आँगन में फिर से उम्मीद की किरण जगा दी है।

मासूम की खामोशी से परेशान था परिवार

बरमकेला विकासखंड के ग्राम महोदी निवासी नवीन प्रधान की चार वर्षीय पुत्री आँचल प्रधान जन्म से ही सुन नहीं पाती थी। बेटी की इस समस्या के कारण पूरा परिवार गहरे मानसिक और आर्थिक तनाव से गुजर रहा था। उम्र बढ़ने के साथ आँचल के विकास और उसके भविष्य को लेकर माता-पिता की चिंताएं भी बढ़ती जा रही थीं। डॉक्टरों ने बेहतर इलाज और सर्जरी की सलाह तो दी, लेकिन उसमें आने वाला लाखों रुपये का खर्च इस गरीब परिवार की हैसियत से कोसों दूर था।

जब सारे रास्ते बंद हुए, तब सरकार ने बढ़ाया हाथ

नवीन प्रधान ने अपनी लाडली के इलाज के लिए हर दरवाजा खटखटाने के बाद, जब नवीन प्रधान को कोई रास्ता नहीं सूझा, तो उन्होंने जिला स्वास्थ्य विभाग से गुहार लगाई। मुख्यमंत्री के 'अंत्योदय' और 'सुशासन' के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाई। प्रशासन द्वारा त्वरित गति से प्रकरण तैयार कर राज्य सरकार को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत भेजा गया।

6 लाख रुपए की मिली त्वरित सहायता: संवेदनशील मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य शासन द्वारा मासूम आँचल के इलाज के लिए 6 लाख रुपये की भारी-भरकम सहायता राशि को बिना किसी विलंब के स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इस योजना के माध्यम से अब राजधानी रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आँचल का संपूर्ण उपचार पूरी तरह निःशुल्क होगा। डॉक्टरों के अनुसार इस राशि से होने वाले आधुनिक उपचार के बाद आँचल के सुनने की क्षमता वापस आ जाएगी, जिससे वह अन्य सामान्य बच्चों की तरह सुन और बोल सकेगी। सरकार से मिली इस बड़ी मदद के बाद आँचल के पिता नवीन प्रधान की आँखें छलक आईं। उन्होंने भावुक होकर कहा कि मैं अपनी बेटी के इलाज के लिए दर-दर भटक रहा था। अस्पतालों का खर्च सुनकर मेरी हिम्मत टूट चुकी थी। लेकिन आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन की वजह से मेरी बेटी को नया जीवन मिलने जा रहा है। सरकार से हमारे परिवार को जो संबल मिला है, उसे हम जिंदगी भर नहीं भूल सकते।

नाम-परिवर्तन

मैं, फलेश कुमार (PHALESH KUMAR) पिता श्री स्व. रामदयाल, (पुराना नाम जिसे बदला जाना है), पता-क्वा न. जे-पॉकेट/ 14ए, मरोदा सेक्टर, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) अपना फलेश कुमार (PHALESH KUMAR) पिता श्री स्व. रामदयाल (पुराना नाम) से बदल कर फलेश मार्कण्डे (FALESH MARKANDE) रखा लिया हैं।

शपथकर्ता
फलेश कुमार
पिता श्री स्व. रामदयाल
पता-क्वा न. जे-पॉकेट/ 14ए,
मरोदा सेक्टर, भिलाई,
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के आवासीय भूखण्डों/आवासीय भवनों को फ्री-होल्ड के रूप में परिवर्तित करने के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय, रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 1/100/2009/32, रायपुर दिनांक 30.12.2011 एवं समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 के परिपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल द्वारा श्री शेषनारायण मढ़रिया पिता श्री रूपसिंह मढ़रिया के नाम पर भवन क्रमांक मोगरा-113, ट्विन-सिटी, ब्लॉक-बी, तालपुरी, रूआबांधा, भिलाई, जिला-दुर्ग में आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निधारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई भी वित्तीय संस्था या बैंक को आपत्ति हो, तो आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

मुहर

सम्पदा अधिकारी
छ.ग. गृह निर्माण एवं
अधोसंरचना विकास मण्डल
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

संक्षिप्त खबरें

शासकीय महाविद्यालय केशकाल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

केशकाल/नवप्रदेश। केशकाल शासकीय कॉलेज महेश बघेल शासकीय महाविद्यालय केशकाल में शॉर्ट सर्किट की चलते आग लग गई। आग लगने से कॉलेज के प्रिंसिपल का केबिन जल कर राख हो गया प्रिंसिपल का टेबल कुर्सी पूरी तरीके से जलकर राख हो गए। सुबह 10 बजे कॉलेज के स्टाफ ने धमाके की आवाज सुनी जिस पर प्रिंसिपल का केबिन खोला गया तो आग की लपटे दिखाई दी आनन फानन में कॉलेज में उपस्थित कर्मचारियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया केशकाल शासकीय महाविद्यालय में अभी परीक्षा चल रही है। बच्चे परीक्षा हॉल में परीक्षा दे रहे थे इसी बीच यह आग भड़की आग के लगने के कारण की सही जानकारी नहीं मिल पाई है। लेकिन प्राचार्य केशकाल कॉलेज का कहना है कि शॉर्ट सर्किट के चलते यहां आग लगी होगी फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है फोन करने पर 112 पुलिस वाहन तत्काल केशकाल कॉलेज में पहुंचकर आवश्यक आग बुझाने एवं नुकसान से बचने की कार्यवाही करते नजर आए।केशकाल नगर पंचायत के कर्मचारी भी समय में कॉलेज पहुंचकर स्थिति को संभालने में सहयोग करते दिखे।प्राचार्य से बात करने पर उन्होंने बताया कि केबिन में ए सी,टेबल, कुर्सी,बिजली के सामान,एवं कम्प्यूटर को नुकसान हुआ है।किसी भी प्रकार के कागजात को नुकसान नहीं हुआ है क्योंकि उस केबिन में कोई भी महत्वपूर्ण कागजात नहीं थे।

केशकाल के सीएमओ नामेश्वर कुमार कावड़े का तबादला

केशकाल/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने व्यापक प्रशासनिक फेरबदल करते हुए केशकाल नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) नामेश्वर कुमार कावड़े का स्थानांतरण कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार उन्हें नगर पंचायत बड़ेबचेली में पदस्थ किया गया है।शासन द्वारा जारी स्थानांतरण सूची में उल्लेख किया गया है कि श्री कावड़े, जो वर्तमान में नगर पंचायत केशकाल में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में कार्यरत थे, उन्हें उनके सहायक वर्ग-02 के मूल पद पर वापस करते हुए नई पदस्थापना दी गई है।आदेश में सभी स्थानांतरित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सात दिवस के भीतर नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समयावधि में कार्यभार ग्रहण नहीं करने की स्थिति में संबंधित अधिकारी को वर्तमान पदस्थापना से वेतन आहरण की अनुमति नहीं होगी तथा आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।शासन के इस आदेश के बाद केशकाल नगर पंचायत में नए मुख्य नगर पालिका अधिकारी की नियुक्ति को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

नगर पालिका परिषद नारायणपुर के जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया वृक्षारोपण

नारायणपुर /नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद नारायणपुर परिषर के सामने आज दिनांक 12 जून 2026 को ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ बैनर तले वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया । सर्वप्रथम नगर पालिका के अध्यक्ष श्री इंद्र प्रसाद बघेल जी ने पेड़ लगाया, उसके पश्चात बारी-बारी से सभी जनप्रतिनिधियों ने एक-एक पेड़ लगाए तथा सभी वार्डवासियों से कम से कम एक पेड़ लगाने के लिए अनुरोध किया गया ताकि पर्यावरण को सुन्दर एवं संतुलित रखा जा सके । कार्यक्रम मे नगर पालिका अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल,उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामचंद्र यादव तथा पार्षद श्रीमती रीता मंडल, श्रीमती संगीता जैन,श्रीमती कीर्ति पोटाई , संतोष गोटा, संजय नंदी, कमलापति मिश्रा, नेहा कश्यप, रमशिला नाग जी, प्रवीण गोलछा, कौशल बघेल , गोविन्द भोयर, हेमंत पात्र , नगर पालिका उप अभियंता बसंत कुंजाम, राजस्व निरीक्षक भूषण लाल देशमुख, काशीनाथ मानिकपुरी, नासिर फारुकी, शुभम भंडारी, अजय रॉय तथा नगर पालिका के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

टेकमीटोला गांव से एक किलो का आईआईडी बरामद

कांकेर / नवप्रदेश। ग्राम टेकमीटोला के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र से 01नग प्रेशर कुकर आईआईडी बरामद किया गया है।वरिष्ठ

अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान को लगातार प्रभावी रूप से संचालित करते हुए आईआईडी बरामद किया गया है।जिला पुलिस,बीएसएफ एवं बीडीएस टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता के साथ सघन सर्चिंग अभियान लगातार जारी है।घटना का संक्षिप्त विवरण सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज के निर्देशन में,श्री दीपक तिवारी, डीआईजी बीएसएफ भानुप्रतापपुर निखिल राखेचा पुलिस अधीक्षक कांकेर एवं रविन्द्र सिंह चंदेल सेनानी 94वीं वाहिनी बीएसएफ बांदे के मार्गदर्शन में जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार नक्सल उन्मूलन अभियान संचालित किया जा रहा है।इसी क्रम में जिला पुलिस बीएसएफएवं बीडीएस टीम के संयुक्त बल द्वारा संचालित अभियान के दौरान 01नग प्रेशर कुकर आईआईडी लगभग 05 कि0 ग्रा0 बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।घटना का संक्षिप्त विवरण 14जून 2026 को थाना छोटेबेठिया जिला कांकेर ग्राम टेकमीटोला के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में सर्चिंग अभियान के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा 01नग प्रेशर कुकर ढ्ढश्वष्ठ लगभग 05 कि0ग्रा0 बरामद किया गया।बीडीएस टीम द्वारा मौके मे बरामद आईईडी को डिफ्यूज कर नष्ट किया गया।टीम कंमाडर में रमेश कुमार रजक एसी बीएसएफ94 वीं वाहिनी सुमन कंथोसू इंस्पेक्टर बीएसएफ 94 वीं वाहिनी रोशन लाल मीणा उप निरीक्षक बीएसएफ94 वीं वाहिनी शामिल थे।

बस्तर आम महोत्सव में सजा 2000 से अधिक आम प्रजातियों का संसार

■ पारंपरिक और हाइब्रिड किस्मों ने खींचा ध्यान, 1500 से अधिक किसानों ने की भागीदारी

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर अंचल की समृद्ध जैव-विविधता और पारंपरिक कृषि विरासत को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से जगदलपुर स्थित क्रांतिकारी डेबरीधुर उद्यानिकी महाविद्यालय परिसर में दो दिवसीय बस्तर आम महोत्सव 2026 का शुभारंभ हुआ। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय तथा उद्यानिकी संचालनालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में बस्तर सहित प्रदेशभर से 1500 से अधिक किसानों ने भाग लिया। किसानों द्वारा 2000 से अधिक आम प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया,जिसमें पारंपरिक,उन्नत एवं हाइब्रिड किस्मों के साथ विलुप्तप्राय स्थानीय प्रजातियों का भी प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। आम की विविध रंगत,स्वाद और सुगंध से पूरा परिसर महक उठा तथा किसानों,वैज्ञानिकों और आम प्रेमियों को एक मंच पर संवाद का अवसर मिला।कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप,विधायक किरण सिंह देव,महापौर संजय पाण्डे तथा महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रवि आर सक्सेना सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वैज्ञानिक,कृषि विशेषज्ञ और किसान उपस्थित रहे।

महोत्सव में विशेषज्ञों ने जैविक खेती,खाद्य सुरक्षा और कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि प्राकृतिक रूप से उत्पादित और रासायनिक अवशेषों से मुक्त फलों की मांग वैश्विक बाजार में तेजी से बढ़ रही है। किसानों को आम से जैम, जेली, आइसक्रीम तथा अन्य प्रसंस्कृत उत्पाद तैयार कर अतिरिक्त आय अर्जित करने की सलाह दी गई। आयोजन के दौरान रंगोली, पोस्टर मेकिंग और फैंसी ड्रेस जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिससे युवाओं और विद्यार्थियों की रचनात्मक भागीदारी सुनिश्चित हुई।

नया रायपुर में आयोजित प्रतियोगिता में दिखी दमदार प्रतिभा

अस्मिता जोनल नॉर्थ जोन में बस्तर की बेटियों का जलवा, 6 कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया मान

जगदलपुर/नवप्रदेश। नया रायपुर स्थित सेंध लेक में 9 एवं 10 जून 2026 को आयोजित अस्मिता जोनल नॉर्थ ज़ोन कयाकिंग-केनोइंग स्प्रिंट प्रतियोगिता में बस्तर की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह कांस्य पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने बस्तर और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है तथा प्रदेश में जल क्रीड़ाओं की बढ़ती संभावनाओं को भी रेखांकित किया है।

प्रतियोगिता में विभिन्न स्पर्धाओं में बस्तर की टीमों ने बेहतरीन तालमेल और कौशल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की सफलता इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि वे जल्द ही राष्ट्रीय जूनियर कयाकिंग-केनोइंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली हैं। अस्मिता लीग में मिला यह प्रदर्शन उनके आत्मविश्वास को नई मजबूती देगा और आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारियों को और बेहतर बनाने में सहायक होगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा खेल प्रेमियों ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

के-2, के-4 और सी-4 स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीतने वाली खिलाड़ियों में ईशा गोयल,मालती कश्यप,सोनम पुजारी, मुस्कान भारती,दूतिका कश्यप,सुनानी नाग,रोशनी सोरी तथा मानमती बघेल शामिल रहीं।

बस्तर में पल्स पोलियो अभियान को लेकर व्यापक तैयारियां

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में आगामी 28 जून को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। अभियान के सफल संचालन और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक रणनीति बनाई गई है। जिला स्तर पर आयोजित डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक में अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए अधिकारियों को मैदानी स्तर पर सक्रिय समन्वय और व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

जिले में इस वर्ष 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1 लाख 20 हजार 804 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिलेभर में 498 टीकाकरण बूथ स्थापित किए जाएंगे। अभियान के संचालन में 100 सुपरवाइजर, 1992 टीकाकरण कर्मी, 20 मोबाइल टीमें तथा 24 ट्रांजिट टीमें तैनात रहेंगी। जगदलपुर शहरी क्षेत्र में 72 बूथ बनाए गए हैं। बाजार, मेला, मड़ई, ईंट-भट्ठों, निर्माण स्थलों, घुमंतू बस्तियों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी।

जीवनदायिनी दूध नदी को स्वच्छ सुंदर बनाने वर्षों से समाजसेवी का श्रमदान

कांकेर / नवप्रदेश। शहर की समाज सेवी संस्था ÷जन सहयोग ÷ के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य में कहा है कि हम लोग कई वर्षों से स्वच्छता अभियान चला रहे हैं लेकिन नदी के आसपास जिनके घर वह दुकान है उनका हमको सहयोग नहीं मिल पा रहा है उसे हाथ जोड़कर निवेदन है की नदी में कचरा ना डालें हमने अपनी जीवन रेखा माता दूध नदी से जो वादा किया है ,उसे हर हाल में निभाएंगे। आज भी दूध नदी के पुल के नीचे तथा पुरानी बाजार के पीछे नदी मे सफ़ाई की गई और कचरे का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया। आज के समाज सेवकों में ÷जन सहयोग÷ अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा धर्मेंद्र देव ,प्रवीण गुप्ता, राजेश चौहान ,शैलेंद्र देहारी, पप्पू साहू,अमृत जवरानी, दीपक देहारी, बहादुर निषाद, शैलेंद्र देहरी अजय पांडे,आदि नौजवान श्रम वीरों ने कड़ी धूप में कई घंटे पसीना बहा कर दूध नदी पुल के आसपास जितना अधिक से अधिक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

विश्व रक्तदान दिवस पर 241 बस्तरिया बटालियन का रक्तदान शिविर

जगदलपुर/नवप्रदेश। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर 241 बस्तरिया बटालियन द्वारा रविवार को सेडवा स्थित वाहिनी मुख्यालय में स्व. बलीराम कश्यप मेमोरियल राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, डिमरापाल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। शिविर के दौरान कुल 24 कार्मिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सामाजिक दायित्व का परिचय दिया। रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने तथा लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। आयोजन के दौरान रक्तदाताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक बताते हुए सभी कार्मिकों को भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

पीएम मोदी के नेतृत्व में समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण, स्वर्णिम-ऐतिहासिक कार्यकाल

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश के उपख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार 12 वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से पीएम मोदी को बधाई देते हुए शर्मा ने कहा कि 12 वर्षों का यह कार्यकाल स्वर्णिम और ऐतिहासिक काल रहा है। दुर्ग के सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है। एक ऐसा भारत जो किसी को छेड़ता नहीं है और छेडने वाले को छोड़ता भी नहीं है। दुश्मनों को घर में घुसकर मारता है। शर्मा ने कहा कि 12 वर्षों में प्रधानमंत्री ने देश के विकास के लिए अद्भुत काम किए हैं। सरकार ने गरीबों का कल्याण करते हुए जन-धन योजना के तहत 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले। इसमें से 32 करोड़ से ज्यादा खाते सिर्फ महिलाओं के हैं। कोरोना जैसी महामारी के मुश्किल वक्त से लेकर अब तक 81 करोड़ से ज्यादा देशवासियों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। इलाज के खर्च से गरीब को बचाने के लिए आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ से ज्यादा हेल्थ कार्ड बने हैं, जिससे मुफ्त इलाज की गारंटी मिली है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से 58 करोड़ से ज्यादा लोगों को मजबूत सुरक्षा कवच मिला है।

शर्मा ने कहा कि गरीबों के लिए पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों को पक्के मकान दिए गए हैं। उज्ज्वला योजना के जरिए 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन, गाँवों के विकास के लिए जल जीवन मिशन के तहत 16 करोड़ से ज्यादा घरों तक नल से साफ पानी पहुँचाया जा चुका है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाकर देश में स्वच्छता की एक नई क्रांति लाई गई है। रेहड़ी-पटरी वाले भाई-बहनों के लिए पीएम स्वनिधि योजना से 74 लाख से ज्यादा लोगों को बिना परेशानी के लोन मिला है। मुद्रा योजना के तहत छोटे काम-धंधों के लिए बिना गारंटी 57 करोड़ से ज्यादा लोन बाँटे गए हैं। छोटे कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना से 30 लाख लोगों को फायदा पहुँचाया गया है।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जनजातीय समाज के कल्याण के लिए 15 हजार करोड़ रुपए का बजट और 'धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान' के लिए 79 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ से ज्यादा किसानों को 4.3 लाख करोड़ रुपये सीधे उनके खातों में भेजे जा चुके हैं। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के जरिए 7 करोड़ से ज्यादा किसानों को करीब 10 लाख करोड़ रुपए का सस्ता कर्ज दिया गया। इस कर्ज की सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया गया है। देश के मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए टैक्स छूट की सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर सीधे 12.75 लाख रुपये कर दिया गया है। माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए लखपति दीदी योजना से 3 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को फायदा मिला है। बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 4.5 करोड़ से ज्यादा खाते खोले जा चुके हैं। देश की सुरक्षा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सुरक्षाबलों में महिला अफसरों की संख्या 3 हजार से बढ़ाकर सीधे 11 हजार कर दी गई है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से 1 करोड़ घरों की छतों पर सोलर सिस्टम लगाए गए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से 2026 तक की हमारी यह 12 वर्ष की यात्रा निरंतर 'प्रगति पथ पर अग्रसर' रही है। शर्मा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश का विकास तो हुआ है। हमारी सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय गौरव को भी नया मुकाम मिला है। गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पाते हुए 'राजपथ' का नाम 'कर्तव्य पथ' किया गया। इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भव्य प्रतिमा लगाई गई। बाबासाहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के जीवन से जुड़े 5 मुख्य स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया गया। अंडमान-निकोबार के 21 द्वीपों के नाम हमारे परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखे गए और पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर 'श्री विजयपुरम' किया गया है। वीर शहीदों की याद में बना 'राष्ट्रीय युद्ध स्मारक' आज हर भारतीय को देश प्रेम की प्रेरणा दे रहा है। आज 177 देश एक साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं। आज दुनिया के मंच पर भारत एक 'समाधान देने वाले देश' के रूप में मजबूती से खड़ा है। 'वैक्सीन मैत्री' के जरिए मुश्किल वक्त में 99 देशों तक दवाइयाँ पहुँचाकर भारत दुनिया का सबसे भरोसेमंद दोस्त बनकर उभरा है। जी-20 की कामयाब अध्यक्षता, 39 देशों में नए दूतावासों का खुलना और 70 लाख करोड़ से ज्यादा का विदेशी निवेश आना यह दिखाता है कि पूरी दुनिया में भारत पर भरोसा बढ़ा है। दुनिया के 38 देशों के साथ किए गए 9 फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स ने किसानों और उद्योगों के लिए दुनिया के बड़े बाजार खोल दिए हैं। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

स्काउट-गाइड की जल सेवा का समापन

भिलाई। जिला संघ भिलाई स्काउट गाइड की ओर से 'प्रतिदिन एक अच्छा काम करो' के नेक विचार के साथ शुरू किये गये प्याऊघर का समापन भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा चार माह से राहगीरों को शीतल जल पिलाने सेवा का कार्य किया गया। भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए शीतल जल की व्यवस्था भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के मुख्य द्वार में की गई थी। जल सेवा के पुनीत कार्य के समापन अवसर पर शिक्षा विभाग से महाप्रबंधक शिक्षा एवं जिला मुख्य आयुक्त शिखा दुबे, विभारानी कटिहार उप प्रबंधक, जिला आयुक्त स्काउट एवं प्राचार्य भिलाई विद्यालय विजय सिंह पवार, जिला आयुक्त गाइड व प्राचार्य सुमिता सरकार, रुबी बर्मन राय, प्राचार्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-7, ओसी कीर्तिलता देशमुख, सत्यनारायण साहू, डॉ. शीतल चंद्र शर्मा वरिष्ठ व्याख्याता, डीके साहू, पवन अग्रवाल, भिलाई विद्यालय से सजीता राजेश, सविता धपवाल, वंदना सोनवाने, रजनी रजक, सतीश मिश्रा व प्रधान पाठक पीआर साहू सहित भिलाई स्काउट-गाइड के पदाधिकारीगण व बड़ी संख्या में स्काउट और गाइड शामिल हुए।

प्रगति पथ यात्रा: कृषि महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान

भिलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रगति पथ यात्रा 12 साल बेमिसाल के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय बेमेतरा परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर फलदार पौधों का रोपण करते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन के लिए वृक्षारोपण समय की आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक को इस अभियान से जुडना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, अंजू बघेल, राजेंद्र शर्मा, विजय सिन्हा, हर्षवर्धन तिवारी व संजीव तिवारी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर साजा मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू, विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू, सांसद प्रतिनिधि सोनू पटेल, जिला जनपद सदस्य गोविंद पटेल, नगर पंचायत साजा अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, युवा मोर्चा बेमेतरा अध्यक्ष अजय वर्मा सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण व नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

घर में मृत मिले पति-पत्नी, हैदराबाद जाने निकला युवक पेड़ पर लटका

दुर्ग। जिले में रविवार को दो अलग-अलग घटनाओं में 3 लोगों की मौत हो गई। पहली घटना भिलाई के वैशाली नगर इलाके की है, जहां पति-पत्नी अपने घर में मृत पाए गए। पहले कमरे में पत्नी का शव मिला, जबकि दूसरे कमरे में पति का शव नायलॉन की मोटी रस्सी से फांसी के फंदे पर लटका था। भिलाई के वैशाली नगर थाना क्षेत्र के वृंदानगर कैंप-1 में जी वेंकटरमण मूर्ति (55) अपनी पत्नी जी विद्यावती (52) के साथ रहते थे। उनका एक लड़का भी है, जो ओडिशा में काम करता है। जी वेंकटरमण ऑटो चलाते थे। रविवार (14 जून) सुबह करीब 9 बजे वेंकटरमण मूर्ति की मां घर पहुंचीं। उन्होंने सामने वाले कमरे में बहू विद्यावती का शव देखा। इसके बाद अंदर के कमरे में बेटे वेंकटरमण मूर्ति का शव नायलॉन की रस्सी के फंदे से लटका मिला। उन्होंने अपने छोटे बेटे मदन राव को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। मदन राव ने वैशाली नगर थाने में पुलिस को सूचना दी। भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस को एक मोबाइल फोन मिला है, जिसे अनलॉक कर उसकी जांच की जा रही है। पुलिस आर्थिक तंगी और घरेलू विवाद जैसे कई पहलुओं से भी मामले की जांच कर रही है। पुलिस जांच में सामने आया है कि परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत नहीं थी। पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है और मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

म्यूल अकाउंट नेटवर्क का भंडाफोड़, 18 आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। पुलिस ने म्यूल बैंक खातों के जरिए ठगी की रकम खपाने वाले नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। मोहन नगर और नेवई थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई में कुल 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को जांच में पता चला है कि आरोपी अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, पासबुक और मोबाइल सिम साइबर ठगों को मुहैया कराते थे। इसके बदले उन्हें कमीशन मिलता था। इन खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी से मिली रकम को एक खाते से दूसरे खाते में भेजने के लिए किया जाता था, ताकि पुलिस जांच से बचा जा सके। गृह मंत्रालय के समन्वय पोर्टल और

कई साइबर शिकायतों के विश्लेषण के दौरान कई संदिग्ध बैंक खातों की जानकारी मिली। जांच में पता चला कि साल 2024 से 2026 के बीच इन खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी की रकम जमा करने, ट्रांसफर करने और निकालने के लिए किया गया था। नेवई थाना क्षेत्र के केनरा बैंक खातों की जांच की गई। बैंक रिकॉर्ड, केवाईसी दस्तावेज और ट्रांजेक्शन स्टेटमेंट की पड़ताल में लाखों रुपए के संदिग्ध लेन-देन सामने आए। गिरफ्तार आरोपियों में पवन दास मानिकपुरी, करण रंगारी और नरेंद्र कुमार साहू शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, पासबुक और मोबाइल सिम साइबर ठगी से जुड़े लोगों को मुहैया कराए थे।

मोहन नगर क्षेत्र से 15 खाताधारक गिरफ्तार

मोहन नगर थाना पुलिस ने भी जांच के दौरान कोटक महिंद्रा बैंक के कई खातों में साइबर ठगी की रकम के लेन-देन का खुलासा किया। गिरफ्तार आरोपियों में पीयूष डडसेना (19) दुर्ग, साहिल खान (23) दुर्ग, खुशी झा (21), भिलाई, मोहम्मद फरहान (22) भिलाई, अभिजीत कुमार (25) से-5, आदित्य रजक (21) रिसाली, आशीष चंद्राकर (30) दुर्ग, निखिल साहू (19) जामुल, रितेश मसीह (19), भिलाई 3, मोहम्मद सोहेल (24) भिलाई, निकिता चौहान (23) भिलाई, शुभा सेंगर (38) हुडको, शिवम पांडेय (27) भिलाई, रितेश देवांगन (21) कोहका, रणधीर झा (52) बांबे आवास वैशाली नगर भिलाई शामिल हैं।

होटल में बेटिंग ऐप से ऑनलाइन सट्टा खेलते दो युवक गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खेल रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। स्मृतिनगर पुलिस और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने खम्हरिया स्थित एक होटल में दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने मोबाइल फोन, टैब और 60 हजार रुपये नगद सहित कुल 1.25 लाख रुपये का सामान जब्त किया है।

पुलिस ने दोनों युवकों के मोबाइल और टैब की जांच की, जिसमें ऑनलाइन बेटिंग से जुड़े प्रमाण मिले। पूछताछ में आरोपियों ने 'सिक्किम' नामक ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म के जरिए सट्टा खेलने की बात स्वीकार की। जांच में पता चला है कि आरोपी लंबे समय से इस नेटवर्क से जुड़े हुए थे। ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में बड़ी रकम का लेन-देन कर रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों में शेख अकरम (24) निवासी सेक्टर-6 भिलाई और अनीष कुमार (27) निवासी सेक्टर-7 भिलाई शामिल है। दोनों के खिलाफ चौकी स्मृतिनगर, थाना सुपेला में अपराध क्रमांक 803/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

ट्रेलर-बाइक में भिड़ंत, युवक की मौत

दुर्ग/नवप्रदेश। अंजोरा बाईपास स्थित आरोग्यम हॉस्पिटल के सामने तेज रफ्तार ट्रेलर और बाइक की टक्कर के बाद बाइक में आग लग गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। युवक अपनी मां को भिलाई के कला और संस्कृति संस्थान में छोडने गया था, जहां उसकी मां को कोर्स का सर्टिफिकेट लेना था। मां को छोडने के बाद युवक हादसे का शिकार हो गया। ट्रेलर की टक्कर के बाद बाइक सड़क पर काफी दूर तक घिसटती चली गई। बाइक की पेट्रोल टंकी फटने से आग तेजी से फैल गई और पूरी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद ट्रेलर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है और फरार ड्राइवर की तलाश कर रही है। मृतक राहुल चक्रधारी (21) पाटन ब्लॉक के किकिरमेटा गांव का निवासी था। वह उतई के पास खोपली गांव में अपने मौसी के घर रहकर फार्मेसी का काम करता था। मां को छोडने के बाद उसने कहा कि वह 5 मिनट में लौट आएगा, लेकिन इसके बाद वह हादसे का शिकार हो गया।

दादा-दादी, नाना- नानी पार्क की दुर्दशा पर पूर्व पार्षदों ने जताई चिंता

■ नगर निगम प्रशासन से पार्क को व्यवस्थित करने की मांग की

दुर्ग/नवप्रदेश। कांग्रेस के पूर्व पार्षदों ने दादा-दादी, नाना-नानी पार्क की दुर्दशा पर चिंता जताई है। पूर्व पार्षदों ने कहा कि नगर निगम प्रशासन की अनदेखी के कारण शहर की सुंदरता में चार चांद लगाने वाला यह पार्क संधारण के अभाव में खंडहर में तब्दील हो रहा है। 2008 में तत्कालीन महापौर सरोज पांडेय ने एसपी बंगले के सामने पार्क का निर्माण

कराया था। यहां बच्चे, बूढ़े और महिलाएं आते थे। पेड़-पौधों पर की गई लाईटिंग आकर्षण का केन्द्र हुआ करती थी। पीने का पानी सुलभ कराने कलात्मक अमृत कलश बनाया गया था। इस कलश को अब स्टोर बना दिया गया है। लाईटिंग व्यवस्था बदतर हो गई है। गार्डन के कई हिस्से में गढ्ढे हो गए हैं। बारिश के मौसम में इसका आधा हिस्सा जलमग्न हो जाता है। इसके कारण कई बार लोगों को सड़क पर योगा करना पड़ता है और मुस्कान मित्र मंडल संस्था को भी सड़क पर अपना नियमित कार्यक्रम करना पड़ता है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष लिखन साहू, पूर्व पार्षद अमृत लोढ़ा, डॉ छत्रसाल गायकवाड़, संजय सिंह, भोला महोबिया, मनोज चंद्राकर, अनिल देवांगन, मनीष यादव, सुरेंद्र ठाकुर, राजकुमार वर्मा, युवराज ठाकुर ने मांग की है कि बारिश के पूर्व पार्क में मुरूम या डस्ट डाल कर समतलीकरण किया जाए। अन्य संधारण कार्य कर उसे व्यवस्थित किया जाए। पार्क में पेयजल की व्यवस्था भी होनी चाहिये।

महापौर ने किया 82 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

■ जलभराव और आवागमन की समस्या से मिलेगी राहत

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए महापौर अलका बाघमार ने 82 लाख रुपये से अधिक राशि के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वार्ड 30 के पार्षद व सभापति श्याम शर्मा, लोककर्म विभाग प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, सांस्कृतिक विभाग प्रभारी व वार्ड 31 की पार्षद हर्षिका संभव जैन सहित जनप्रतिनिधियों व नागरिकों की उपस्थिति में आरसीसी सड़क, नाली व पुलिया निर्माण कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया गया।

भूमिपूजन के अंतर्गत वार्ड 30 में तेजपाल के निवास से डिसेंट सैलून तक 25 लाख रु की लागत से नाली निर्माण और तमेरपारा के विभिन्न स्थानों पर 17 लाख रु की लागत से नाली व पुलिया निर्माण कार्य किए जाएंगे। वार्ड 31 में सिंडिकेट बैंक से स्वाध्याय भवन और सिद्धार्थ नगर बस्ती तक 12 लाख रु की लागत से सीसी रोड निर्माण, आपापुरा से आबकारी कार्यालय, रजा खोखर कार्यालय, गवलीपारा होते हुए वर्धमान स्थापक भवन तक 15 लाख रु की लागत से आरसीसी सड़क निर्माण और हनुमान नाला से गुप्ता कॉम्प्लेक्स तक 13 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि निगम का लक्ष्य प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर नागरिकों को बेहतर आवागमन और जल निकासी व्यवस्था उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान नागरिकों ने विकास कार्यों की स्वीकृति और शुभारंभ पर महापौर के प्रति आभार व्यक्त किया।

अवैध प्लाटिंग पर विधायक रिकेश की मुहिम, कुरूद-कोहका के प्रभावित खसरों की खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध

भिलाईनगर/नवप्रदेश। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन की अवैध प्लाटिंग के खिलाफमुहिम का बड़ा असर हुआ है। विधायक द्वारा शासन-प्रशासन को लिखे गए पत्रों के बाद जिला प्रशासन और नगर निगम भिलाई ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुरूद और कोहका सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग से प्रभावित संबंधित खसरों पर तत्काल प्रभाव से क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया है।

विधायक द्वारा शासन को भेजे गए पत्र के संदर्भ में भू-अभिलेख शाखा जिला-दुर्ग द्वारा त्वरित संज्ञान लिया गया। अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर से प्राप्त प्रतिवेदन और जांच के आधार पर वैशाली नगर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले कुरूद और कोहका के पटवारी हल्का नंबर 46 के विवादित खसरा नंबरों के क्रय-विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। कार्रवाई के तहत नगर निगम भिलाई के आयुक्त ने जिला पंजीयक, पंजीयन कार्यालय को अवैध भूखंडों की रजिस्ट्री रोकने कहा गया है। नगर निगम द्वारा जारी पत्र क्र 286 के तहत कोहका के खसरा नंबर 802/17, 725/3, 726/4, 727/3, 801/6, 724/27, 723/3 पर अवैध प्लाटिंग की पुष्टि के बाद इनके पंजीयन पर रोक लगाने कहा गया है। इसी पत्र में कुरूद के खसरा नंबर 1512, 1512/1 से 1512/22, 1313/15, 1313/9, 1316/1, 1315/1, 1315/2, 1504/2, 1504/5, 1513/2, 1513/4 पर भी क्रय-विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। एक अन्य कार्रवाई में पत्र क्रमांक 237 के जरिए एमपी क्रिश्चियन कॉलेज के समीप स्थित खसरा नंबर 1611/1, 1566, 1567 व इनके अन्य टुकड़ों पर भी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। भू-माफियाओं द्वारा कॉलोनाइजर रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1998 (संशोधन नियम 2013) और छग नगर निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन किया जा रहा था। इस कृत्य के लिए नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292(ग)(3) के तहत कम से कम 3 वर्ष और अधिकतम 7 वर्ष के कारावास के साथ ही न्यूनतम 1 लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान है।

एक भारत श्रेष्ठ भारत: आईआईटी भिलाई और आईआईटी दिल्ली के छात्रों ने साझा किए अनुभव

छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से की मुलाकात

भिलाई/नवप्रदेश। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम की एक प्रमुख पहल, 'युवा संगम' के हिस्से के तौर पर छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों को 11 जून को नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से बातचीत करने का मौक़ा मिला। कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से आईआईटी भिलाई और आईआईटी दिल्ली ने किया था, ताकि देश के अलग-अलग हिस्सों के युवाओं को एक साथ लाकर सांस्कृतिक आदान-प्रदान, राष्ट्रीय एकता और आपसी सीख को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी भी शामिल हुए। उन्होंने

प्रतिनिधियों से बातचीत की और उन्हें ज्ञान, इनोवेशन और लीडरशिप के ज़रिए देश के विकास में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने शानदार छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य और राज्य के गीत अरपा पैरी के धार की भावपूर्ण प्रस्तुति के ज़रिए राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दिखाया। इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों ने तारीफकी। बातचीत के सत्र ने दिल्ली और छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों को अपनी-अपनी यात्राओं के अनुभव साझा करने का मंच दिया। दिल्ली के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ की अपनी यात्रा को याद किया और राजभवन, भोरमदेव मंदिर, सिरपुर, राजिम, भिलाई स्टील प्लांट और सांस्कृतिक व ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण अन्य जगहों पर अपने अनुभवों का ज़िक्र किया। राज्य की समृद्ध विरासत, मेहमाननवाज़ी और विकास की उपलब्धियों की सराहना की। छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों ने दिल्ली यात्रा के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया। इसमें दिल्ली के उप-राज्यपाल के कार्यालय में बातचीत और राष्ट्रपति संग्रहालय, इंडिया गेट, कर्तव्य पथ, अक्षरधाम मंदिर, राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र और दिल्ली हाट का दौरा शामिल था। प्रतिनिधियों ने मशहूर भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर और कई अन्य प्रेरणादायक हस्तियों के साथ बातचीत का भी ज़िक्र किया, जिससे उनकी यह यात्रा सीखने के लिहाज़ से यादगार बन गई। युवा प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने उन्हें नौकरी खोजने वाले के बजाय नौकरी देने वाला (जॉब क्रिएटर) बनने के लिए प्रोत्साहित किया और उद्यमिता, इनोवेशन और नेतृत्व के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने युवाओं से उद्यमिता कौशल विकसित करने, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नई तकनीकों का लाभ उठाने और ऐसे उत्पाद व सेवाएँ बनाने का आग्रह किया, जो न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के काम आ सकें। उन्होंने इनोवेशन, सहयोग और सामाजिक ज़िम्मेदारी के ज़रिए राष्ट्र-निर्माण में युवा नागरिकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। आईआईटी दिल्ली के डिप्टी डायरेक्टर ऑपरेशन्स प्रो. अरविंद के.नेमा, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग में डिप्टी सेक्रेटरी श्रेयांश मोहन, एआईसीटीई के रेगुलेशन ब्यूरो के डायरेक्टर नरेश ग्रोवर, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के सलाहकार सुरेंद्र नाइक, आईआईटी दिल्ली की प्रो. यामा दीक्षित, आईआईटी भिलाई के नोडल ऑफिसर डॉ. कृष्ण मुरारी, 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल से जुड़े अन्य अधिकारी शामिल हुए।

अग्रसेन चौक से हटाए गए ठेले-खोमचे

दोबारा सड़क घेरने पर होगी सामान जब्ती व जुर्माना लगाने की चेतावनी

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर अग्रसेन चौक व आसपास अवैध रूप से संचालित किए ठेले-खोमचों को हटाने की कार्रवाई की गई।

अतिक्रमण प्रभारी परमेश्वर के नेतृत्व में निगम अमले व पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सड़क किनारे व चौक एरिया में यातायात बाधित कर रहे सभी ठेले-खोमचों को हटाया गया। ताकि, आवागमन सुचारू हो सके और नागरिकों को जाम व असुविधा से राहत मिल सके। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण प्रभारी परमेश्वर ने सड़क घेरकर व्यवसाय करने वाले ठेला संचालकों और व्यापारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क, चौक व आवागमन क्षेत्र में दोबारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर यातायात व्यवस्था बाधित न करें।

भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करते पाए जाने पर निगम द्वारा सामान जब्त करने के साथ-साथ नियमानुसार जुर्माना व कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निगम प्रशासन ने नागरिकों व व्यापारियों से अपील की है कि सार्वजनिक स्थलों और सड़क मार्गों पर अतिक्रमण न करें। शहर को व्यवस्थित, स्वच्छ और यातायात बाधा मुक्त बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

अबूझमाड़ की बेटी खुशबू ने दिल्ली में रचा इतिहास, राष्ट्रीय स्पर्धाओं हासिल किया पहला स्थान

■ दो राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल कर बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान

■ सीमित संसाधनों से राष्ट्रीय मंच तक का प्रेरणादायक सफर

जगदलपुर/नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर जिले और अबूझमाड़ क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण तब सामने आया, जब जिले की प्रतिभाशाली खिलाड़ी खुशबू नाग ने दिल्ली में आयोजित दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की बॉडीबिल्डिंग एवं फिटनेस प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया। उनकी इस शानदार उपलब्धि ने न केवल नारायणपुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

दिल्ली में आयोजित एनपीसी वर्ल्डवाइड प्रतियोगिता में खुशबू नाग ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही उन्होंने एक अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कठिन परिश्रम का परिचय दिया। मंच पर उनके आत्मविश्वास और उत्कृष्ट प्रदर्शन ने निर्णायकों एवं दर्शकों को समान रूप से प्रभावित किया।

अबूझमाड़ से राष्ट्रीय पहचान तक

खुशबू नाग की उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे अबूझमाड़ क्षेत्र की संभावनाओं का प्रतीक है। उन्होंने यह साबित किया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर हो, तो दूरस्थ क्षेत्रों के युवा भी राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकते हैं। उनकी यह सफलता आने वाली पीढ़ियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का आत्मविश्वास प्रदान करेगी।

अबूझमाड़ जैसे दूरस्थ और संसाधन-विहीन क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। सीमित सुविधाओं के बावजूद खुशबू ने निरंतर मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता क्षेत्र की बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

खुशबू नाग की इस उपलब्धि पर जिले के खेल प्रेमियों, सामाजिक संगठनों,जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। लोगों का कहना है कि उनकी सफलता यह सिद्ध करती है कि प्रतिभा किसी भी परिस्थिति या क्षेत्र की मोहताज नहीं होती।

न्यूज गैलरी

मुंगेली के पोखन हत्याकांड में दोषी तीन आरोपियों की अपील खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने मुंगेली जिले के चर्चित पोखन यादव हत्याकांड में दोषी ठहराए गए तीन आरोपियों की अपील खारिज करते हुए उनकी उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने कहा कि, आरोपियों ने अपनी बहन से कथित छेड़छाड़ का बदला लेने के लिए सुनियोजित तरीके से युवक की हत्या की थी। अदालत ने पाया कि, चश्मदीद गवाह, मेडिकल रिपोर्ट और एफएसएल साक्ष्य अभियोजन के मामले की पूरी तरह पुष्टि करते हैं। अभियोजन के अनुसार 25 अक्टूबर 2023 को पोखन यादव द्वारा आरोपित राजा साहू और दीलू साहू की बहन से कथित बदसलूकी किए जाने के बाद दोनों भाइयों ने उसके पिता लक्ष्मण यादव को जान से मारने की धमकी दी थी। उसी दिन ससुराल से लौट रहे पोखन को मुंगेली के अवासपारा स्थित शराब दुकान के पीछे कच्चे रास्ते पर घेरकर राजा और दीलू ने चाकू से गले, सिर और माथे पर कई वार किए, जबकि दुर्गेश कुमार उर्फ बुलाती साहू पहरा देता रहा। घटना के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए, जिन्हें 26 अक्टूबर 2023 को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मुंगेली सत्र न्यायालय ने 23 जनवरी 2025 को तीनों को हत्या, साक्ष्य मिटाने और आपराधिक साजिश के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाई।

आठ गाड़ियां जब्त, कोयला डिपो सील, अरपा नदी में संयुक्त रेड

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण करने वाले खनिज माफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। खनिज विभाग ने पुलिस के साथ मिलकर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस कार्रवाई में 3 हाइवा, 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 1 जेसीबी और 1 ट्रेलर समेत कुल 8 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं कोयले की हेराफेरी में लिप्त एक बड़े डिपो को सील कर दिया गया है। खनिज विभाग और सकरी पुलिस की टीम ने जब ग्राम गतौरी स्थित बालाजी कोल ट्रेनिंग एंड कंस्ट्रक्शन के अस्थायी भण्डारण डिपो पर अचानक धावा बोला, तो वहां हड़कंप मच गया। जांच में पता चला कि डिपो संचालक द्वारा कोयले की गुणवत्ता में मिलावट और हेरफेर की जा रही थी। भण्डारण की शर्तों का सरेआम उल्लंघन और भारी अनियमितता पाए जाने पर प्रशासन ने तुरंत एक्शन लिया गया। मौके से 1 जेसीबी मशीन और 1 ट्रेलर वाहन को जब्त कर कोनी थाने के हवाले कर दिया गया और कोयला डिपो को सील बंद कर दिया गया है। खनिज विभाग का अमला यहीं नहीं रुका। 11 और 12 जून को टीम ने सकरी, कोटा, विजयपुर, दर्री और तखतपुर क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। दर्री विजयपुर क्षेत्र में गिट्टी का अवैध परिवहन करता 1 हाइवा पकड़ा गया।

24 लाख का माल बरामद, माल खरीदने और छिपाने में मदद करने वाली महिला भी गिरफ्तार

रेकी कर सूने मकानों को बनाने थे निशाना, चोर गैंग के आठ गिरफ्तार

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी पुलिस ने जिले में सक्रिय एक संगठित चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सूने मकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी करने वाले 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लगभग 24 लाख रुपये मूल्य के सोना-चांदी के आभूषण, नगदी, मोबाइल फोन, चोरी की मोटरसाइकिल और वारदात में प्रयुक्त सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, थाना नगरी क्षेत्र निवासी राधिका साहू ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह 5-6 जून 2026 को अपने घर में ताला लगाकर ग्राम जीजामगांव स्थित मातंगी धाम दर्शन के लिए गई थीं। 8 जून को घर लौटने पर मकान का पिछला दरवाजा खुला मिला और अंदर आलमारी टूटी हुई थी। अज्ञात चोर सोने-चांदी के आभूषण और नगदी लेकर फरार हो चुके थे। शिकायत पर थाना नगरी में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर सेल और नगरी थाना की संयुक्त टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र और संदिग्धों की गतिविधियों पर निगरानी के बाद पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पहले सूने मकानों की रेकी करते थे और फिर पीछे के रास्ते से घर में

घुसकर लोहे की रॉड से आलमारी तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। जांच के दौरान आरोपियों ने थाना नगरी के एक अन्य चोरी के प्रकरण में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की। वहीं मुख्य आरोपी तामेन्द्र यादव उर्फ सोनू ने थाना नगरी के अपराध क्रमांक 30/2026 में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी की घटना को भी कबूल किया, जिसके बाद चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि चोरी के बाद आरोपियों ने जेवरात और अन्य सामान आपस में बांट लिया था। चोरी के कुछ सोने के आभूषण आरोपी पुष्पजीत खरे उर्फ जीत्तू ने नोवल जैन को बेच दिए थे, जबकि आरोपी लक्की गुप्ता ने चोरी का कुछ सामान अपनी मां श्रीमती सीमा गुप्ता के पास छिपाकर रखा था।

पुलिस ने तामेन्द्र यादव उर्फ सोनू (19 वर्ष), निवासी गजकन्हार थाना नगरी, लक्की गुप्ता (19 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 05, जंगलपारा, नगरी, प्रहलाद नेताम उर्फ राहुल (19 वर्ष), निवासी गणेश चौक, खोड़िया तालाब के पास, विध्यवासिनी वार्ड, हितेश्वर मरकाम उर्फ प्रधान (23 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 02, जंगलपारा, नगरी, पुष्पजीत खरे उर्फ जीत्तू (18 वर्ष), निवासी गांधी सागर वार्ड क्रमांक 04, नगरी, भावेश कुमार साहू उर्फ मेलोडी (20 वर्ष), निवासी बुढ़ारावपारा, वार्ड क्रमांक 08, नगरी, नोवल जैन (22 वर्ष), निवासी राजाबाड़ा वार्ड क्रमांक 11, नगरी, श्रीमती सीमा गुप्ता (40 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 05, जंगलपारा, नगरी को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों से हुई बड़ी बरामदगी

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर निम्नलिखित सामान बरामद किया है जिनमें सोने के आभूषण (कुल 144.11 ग्राम) 01 नग रानी हार, 01 नग मंगलसूत्र, 01 नग गुलबंद, 01 जोड़ी झुमका, 02 नग बाली, 01 नग अंगूठी, 01 नग टॉप्स, चांदी के आभूषण (कुल लगभग 2167.845 ग्राम), 02 नग करधन, 05 जोड़ी पायल, 02 नग चांदी के सिक्के, 01 नग चांदी की रिंग

अन्य बरामद सामान

नगदी एवं सिक्के - 11,300 रुपये, 02 एप्पल मोबाइल फोन, 02 विवो मोबाइल फोन, चोरी में प्रयुक्त लोहे की रॉड, 01 मोटरसाइकिल क्रमांक CG-23-P-6597

पुलिस के अनुसार, बरामद संपत्ति का कुल मूल्य वर्तमान बाजार कीमत के आधार पर लगभग 24 लाख रुपये है। मामले में चोरी के अन्य सामान की बरामदगी और अन्य संभावित वारदातों के संबंध में जांच अभी जारी है।

बिलासपुर में यात्रा संकट, दस साल से ट्रेनों पर ब्रेक, उड़ानें भी हुई आधी

■ ट्रेनों की कमी और घटती उड़ानों से बेहाल हुए यात्री

बिलासपुर/नवप्रदेश। गर्मी की छुट्टियों के इस पीक सीजन में न्यायधानी आना या यहां से बाहर जाना आम जनता के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि बिलासपुर के यात्रियों को न तो सुगम हवाई सेवा मिल पा रही है और न ही ट्रेनों में जगह। स्थिति यह है कि पर्याप्त परिवहन साधन नहीं होने के कारण लोग अपनी यात्राएं रद्द करने को मजबूर हैं। जिसका सीधा असर बिलासपुर के आर्थिक विकास पर पड़ रहा है। क्षेत्र में अत्यधिक कोयला परिवहन के कारण पिछले एक दशक से नई यात्री गाड़ियों की संख्या में कोई खास बढ़ोतरी नहीं की गई है।

2014 में बिलासपुर-बीकानेर और बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस शुरू हुई थी। वहीं 2015 में बिलासपुर-निजामुद्दीन हमसफर एक्सप्रेस की शुरूआत की गई थी। इसके बाद से पिछले 10 सालों में बिलासपुर से कोई भी नई बड़ी यात्री ट्रेन शुरू नहीं की गई है। हैरान करने वाली बात यह है कि हाल के वर्षों में जो नई ट्रेनें रायपुर-सिकंदराबाद, जबलपुर रायपुर इंटरसिटी और शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस शुरू हुई है, उन्हें बिलासपुर को छोड़कर (बायपास कर) चलाया जा रहा है।

हवाई सेवा को लेकर महाधरना जारी

शहर को उसका हक दिलाने और हवाई सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महाधरना आज भी पूरी मुस्तैदी के साथ जारी रहा। इसमें रवि बनर्जी, परसराम कैवर्त, हर प्रसाद कैवर्त, ऋषि राज सिंह गौतम, बद्री यादव, अनिल गुलहरे, शिरीष कश्यप, राशिद बख्श, प्रतीक तिवारी, संतोष पीपलवा, दीपक कश्यप, विभूतिभूषण गौतम, देवेंद्र सिंह ठाकुर, मनोज तिवारी, रामशरण यादव, संदीप बाजपेई, समीर अहमद बबला, महेश दुबे टाटा, चित्रकांत श्रीवास, मजहर खान, प्रकाश बहरानी, अमर बजाज, साबर अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल हुए।

जर्जर स्कूलों में होगा विद्यार्थियों का स्वागत

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में 16 जून से नए शिक्षा सत्र की शुरुआत होने जा रही है। गर्मी की छुट्टियों के बाद करीब 1.99 लाख विद्यार्थी एक बार फिर स्कूलों का रुख करेंगे, लेकिन मानसून की दस्तक के बीच कई शासकीय विद्यालयों की जर्जर स्थिति विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा रही है।

राज्य शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जर्जर भवनों में कक्षाएं संचालित नहीं की जाएं, बावजूद इसके जिले में अनेक विद्यालय ऐसे हैं जहां छतों से पानी टपकने, दीवारों में दरारें आने, प्लास्टर झड़ने और शौचालयों की बदहाल स्थिति जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। महासमुंद जिले में प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक कुल 1956 शासकीय विद्यालय संचालित हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार जिले में 70 से 100 स्कूल भवन ऐसे हैं जिन्हें तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है, जबकि 15 से 20 भवन अत्यधिक जर्जर श्रेणी में शामिल हैं।

पुनर्निर्माण के लिए स्वीकृत 11 भवन भी अधूरे

वर्ष 2025-26 में जिले के 11 जर्जर स्कूल भवनों और एक शासकीय ग्रंथालय भवन के पुनर्निर्माण के लिए 125.75 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंपते हुए तीन माह के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी कई स्थानों पर निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। शिक्षा विभाग के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बी.एल. देवांगन ने बताया कि जर्जर स्कूलों की मरम्मत के लिए ग्राम पंचायतों को एजेंसी बनाया गया था। कई बार पत्राचार किए जाने के बावजूद सुधार कार्य अपेक्षित गति से नहीं हो सका। अब सरपंचों को अंतिम बार पत्र भेजकर आवश्यक कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

समर वेकेशन खत्म, हाईकोर्ट में आज से नियमित सुनवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में करीब एक माह से चल रहे समर वेकेशन ख़त्म हो गये हैं। अब यहां सोमवार 15 जून से सभी निर्धारित बेंचों में नियमित सुनवाई होगी । सोमवार से शुरू हो रहे सप्ताह की काज लिस्ट भी जारी कर दी गई है। हाईकोर्ट में गत 18 मई से समर वेकेशन शुरू हो गए थे जो करीब एक माह बाद अब समाप्त हो गये हैं। इस बीच हाईकोर्ट में आने वाले जरूरी मामलों की सुनवाई के लिए हर सप्ताह अलग अलग वेकेशन बेंचें निर्धारित की गईं थीं।

घर में घुसा विशालकाय किंग कोबरा, सुरक्षित जंगल में छोड़ा, बच गई एक दुर्लभ प्रजाति

कोरबा/नवप्रदेश। राज्य के कोरबा वनमंडल अंतर्गत पसरखेत रेंज के ग्राम छुईढोड़ा में एक विशालकाय किंग कोबरा के दिखाई देने की सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दिया गया, ग्रामीणों के अनुसार यह दुर्लभ एवं विषैला सर्प अचानक से घर में घुस गया, वही घर के भीतर बैठे लोग इतने बड़े सांप को देख कर डर से चिल्लाते हुए तत्काल बाहर निकल गएद्य घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी एवं वन्यजीव रेस्क्यू टीम गांव के लिए रवाना हुए।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख (छग) अरुण पांडे के वन्य जीव संरक्षण की नई दिशा एवं मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर श्री मनोज

पाण्डेय,कोरबा वनमण्डलाधिकारी श्रीमती प्रेमलता यादव के निर्देशानुसार एवं उप वनमण्डलाधिकारी दक्षिण के मार्गदर्शन पर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। जितेंद्र सारथी एवं सिद्धांत जैन द्वारा सुरक्षा उपायों एवं प्रोटोकॉल के साथ विशालकाय 11 फिट के किंग कोबरा का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया,स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक निरीक्षण के पश्चात सर्प को उसके प्राकृतिक आवास के अनुरूप सुरक्षित वन क्षेत्र में पंचनामा तैयार करने के पश्चात छोड़ दिया गया। वन विभाग और एनजीओ के सहयोग से आज बीहड़ जंगल क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी किंग कोबरा संरक्षण में अपना एहम भूमिका निभा रहे हैं, जहां पहले लोग सांप को मार दिया करते थे वहीं आज उनको बचाने में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं, जो विभाग के अथक प्रयास को दर्शाता हैं। रेस्क्यू कार्य को नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी की वन्यजीव रेस्क्यू टीम के सदस्य जितेन्द्र सारथी ,सीनियर फील्ड ऑफिसर सिद्धांत जैन, वन परिक्षेत्र अधिकारी पसरखेत देवदत खांडे, ड्यूटी रेंजर गुलाब सिंह , हरिनारायण बंजारे, पंकज कुमार, कृष्ण कुमार, सरपंच किशन कुमार राठिया, कैलाश राठिया, संतोष कुमार यादव, खगेश कुमार राठिया, सूरज भान राठिया एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com